नई दिल्ली
गुरुवार, 27 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 77
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

राहतः आयुष्मान भारत अकाउंट से सीजीएचएस आईडी लिंक करना जरूरी नहीं

नई दिल्ली। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थी, अपनी आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय 'सीजीएचएस' ने आदेश जारी किया है कि अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते के साथ लिंक करना अनिवार्य नहीं है। यह स्वेच्छापूर्वक और वैकल्पिक है। यह व्यवस्था आगामी आदेशों तक जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने 45 लाख सीजीएचएस लाभार्थियों को बड़ी राहत प्रदान की है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

केजरीवाल को 3 दिन की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली(ब्यूरो)। दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को तीन दिन के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने सीबीआई की एक अर्जी पर आदेश दिया। **देखे पृष्ठ 9 भी**

आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती



नई दिल्ली। पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें उम्र संबंधी तकलीफ होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों का कहना है कि लालकृष्ण आडवाणी को एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। आडवाणी के स्वास्थ्य पर करीब से निगरानी रखने के लिए एहतियातन उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है।आडवाणी के स्वास्थ्य पर ताजा अपडेट अभी तक सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि इसी साल भाजपा के वरिष्ठ नेता एलके आडवाणी को भारत सरकार की ओर से देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान यानी भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एलके आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। आडवाणी के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए उनके आवास पर ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस मौके पीएम नरेंद्र मोदी मौजूद थे।

अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीयन शुरु

जम्मू। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू हो गया है। बर्फानी बाबा के दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन स्थल पर तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि सरस्वती धाम टोकन सेंटर से अमरनाथ यात्रियों को ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। अमरनाथ मंदिर की वार्षिक यात्रा 29 जून से प्रारंभ होगी।

ओम बिरला चुने गए 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष

18वीं लोकसभा रचनात्मक चिंतन एवं नूतन विचारों की सभा हो : लोकसभा अध्यक्ष



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद ओम बिरला बुधवार को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बिरला लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं। वे पिछली 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं। इस अवसर पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समर्थन किया।

कई केंद्रीय मंत्रियों, पार्टियों के नेताओं और अन्य संसद सदस्यों ने भी बिरला के पुनः चुनाव के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। दूसरी तरफ सांसद अरविंद गणपत सावंत ने लोक सभा अध्यक्ष के रूप में सांसद के. सुरेश के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया, प्रस्ताव का समर्थन सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने किया। प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब द्वारा मतदान के लिए रखा गया और इसके उपरांत ओम बिरला को 18वीं लोक सभा का ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, आपातकाल का समय हमारे देश के इतिहास में अन्याय का कालखण्ड था

सरकार की नीतियों एवं निर्णयों की सकारात्मक आलोचना हो, लेकिन पूर्व-नियोजित गतिरोध नहीं होना चाहिए : बिरला



एक नया विज़न और संकल्प होना चाहिएः बिरला

इस अवसर पर बोलते हुए, बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सदन में दलों के नेताओं और संसद सदस्यों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। बिरला ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि 18वीं लोक सभा के लिए एक नया विज़न और संकल्प होना चाहिए। उन्होंने आव्हान किया कि 18वीं लोकसभा रचनात्मक चिंतन एवं नूतन विचारों की सभा हो, जो उच्च कोटि की संसदीय परंपरा और मर्यादा स्थापित करने वाली सभा हो। बिरला आगे कहा कि सदन में पक्ष–प्रतिपक्ष की मर्यादित सहमति–असहमति की अभिव्यक्ति हो। उन्होंने आगे कहा कि सदन का लक्ष्य विकसित भारत के संकल्प को इच्छाशक्ति के साथ पूर्ण करना होना चाहिए।

पहली बार चुने गए 281 सांसदों की उपस्थिति पर जताई प्रसन्नता

वर्तमान लोकसभा में 281 पहली बार चुने गए सांसदों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिरला ने उनका सदन में अभिनंदन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पहली बार निर्वाचित सदस्य, सदन के नियमों और परंपराओं का गहन अध्ययन करेंगे तथा अपने वरिष्ठ सहयोगियों के अनुभवों और मार्गदर्शन का लाभ उठाते हुए श्रेष्ठ संसदीय परंपराओं को समृद्ध करेंगे। सदन के कार्यकरण के विषय में बोलते हुए बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में संसद सदस्य अलग-अलग विचारधारा से चुनकर आते हैं, और उनका वैचारिक विरोध हो सकता है, लेकिन सदन में अभिव्यक्ति मर्यादित होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों एवं निर्णयों की सकारात्मक आलोचना हो, ▶▶ शेष पेज 5 पर

बिरला ने की आपातकाल की निंदा, बताया काला अध्याय

26 जून 1975 में लगे आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदन की तरफ से आपातकाल लगाने के निर्णय का उल्लेख किया। उन सभी लोगों के संकल्प शक्ति की सराहना की जिन्होंने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया, संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा की। भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के दिन को काला अध्याय बताते हुए बिरला ने कहा कि इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया। बिरला कहा कि विश्व में भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में है जहां सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोपी गई। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को भूला दिया गया और अभिव्यक्ति की आजादी को का गला घोटा गया। उन्होंने आगे कहा कि इमरजेंसी के दौरान नागरिकों के अधिकार नष्ट किए गए और उनकी आजादी छीन ली गई। यह वह दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया और पूरे देश को जेल खाना बना दिया गया। सदन ▶▶ शेष पेज 5 पर

लोकसभा अध्यक्ष चुनाव

मत विभाजन नहीं होने पर टीएमसी नाखुश कांग्रेस बोली- हमने दबाव नहीं डाला

प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी: अभिषेक

हम सहमति और सहयोग की भावना पर मत विभाजन के पक्ष में नहीं थे: रमेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बेनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी,जबकि विपक्षी सांसदों ने मत विभाजन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार के पास संख्या नहीं है। टीएमसी सांसद बेनर्जी ने कहा, प्रस्ताव को मतदान के लिए रखे बिना स्वीकार कर लिया गया। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा के पास पर्याप्त संख्या नहीं था। यह सरकार बिना संख्या बल के चल रही है। यह अवैध, अनैतिक और असंवैधानिक है। देश के लोगों ने पहले ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह सिर्फ समय की बात है। उन्हें फिर से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

उधर, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने आगे कहा विपक्षी गठबंधन के घटक दलों ने कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद ध्वनिमत के आधार पर अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इंडिया के घटक दल मत विभाजन पर जोर डाल सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि वे सहमति और सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थे। प्रधानमंत्री और एनडीए के हावभाव में इसकी कमी देखने को मिली। हालांकि, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि विपक्षी दलों ने मत विभाजन के दबाव नहीं बनाया और स्पीकर पद के लिए चुनाव न कराने की परंपरा को बनाए रखा। राउत ने कहा, यह एक प्रतीकात्मक प्रतियोगिता थी। हमने परंपरा का पालन किया और चुनाव नहीं होने दिया। लेकिन हमन संदेश दिया कि एक मजबूत विपक्ष और एक मजबू नेता प्रतिपक्ष हैं।

अभिषेक बेनर्जी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नियमों के अनुसार एक सदस्य द्वारा मांग किए जाने पर भी मत विभाजन की अनुमति दी जानी चाहिए। नियम है कि अगर सदन का कोई सदस्य मत विभाजन की मांग करता है तो प्रोटेम स्पीकर को इसकी अनुमति देनी होगी। आप लोकसभा के फुटेज से देख और सुन सकते हैं कि विपक्ष के कई सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य सांसद कल्याण बेनर्जी ने भी कहा कि लोकसभा स्पीकर का चुनाव कानून के अनुसार ▶▶ शेष पेज 5 पर

बदले वीजा नियमों की वजह से कनाडा में घटती भारतीय छात्रों की तादाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत-कनाडा के मध्य जारी तल्खी के बीच वर्क परमिट और वीजा नियमों में किया गया बदलाव भी दोनों के बीच परेशानी का सबब बन सकता है। कनाडा द्वारा हाल ही में वीजा नियमों को कुछ इस तरह से परिवर्तित किया गया है। जिसके बाद वहां जाकर परास्नातक (पीजी) करने वाले भारतीय छात्र वर्क परमिट और वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने एक नियम बनाया है कि कनाडा में परास्नातक (पीजी) करने वाले छात्र अब वर्क परमिट या वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। इस तमाम घटनाक्रम के बीच भारतीय छात्रों की कनाडा जाने में रुचि घट रही है और वो दुनिया के अन्य देशों जैसे ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया की ओर रुख कर रहे हैं। भारतीय छात्र पहले कनाडा में आगंतुक वीजा (विजिटर वीजा) के जरिए प्रवेश करते थे और उसके बाद इसे वर्क ▶▶ शेष पेज 5 पर

जयशंकर ने म्यांमार से मांगा भारतीयों की वापसी के लिए सहयोग

भारत की सीमा पर म्यांमार में जारी हिंसा को लेकर जताई गंभीर चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू थान श्वे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें उन्होंने भारत की सीमा के करीब म्यांमार में लगातार जारी हिंसा, अस्थिरता के गंभीर प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की और म्यावाडी क्षेत्र में फंसे हुए भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाते हुए उनकी जल्द स्वदेश वापसी के लिए सहयोग मांगा। म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को सेना द्वारा तख्तापलट के जरिए सत्ता पर कब्जा करने के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

म्यांमार में लोकतंत्र बहाली के पक्ष में भारत

उन्होंने कहा कि म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू शान के साथ बैठक हुई। इसमें भारत की सीमा के पास जारी हिंसा और अस्थिरता को लेकर चिंता प्रकट की। साथ ही यह स्पष्ट किया कि इस स्थिति से निपटने के लिए भारत सभी हितधारकों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। म्यावाडी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की शीघ्र भारत वापसी के लिए भी सहयोग मांगा। म्यांमार में लोकतांत्रिक परिवर्तन के मार्ग पर जल्द वापसी का आग्रह किया। इसके लिए भारत हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

केन्या में हिंसक प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों को जारी किया परामर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अफ्रीकी देश केन्या में बीते कुछ वक्त से कर विधेयक को लेकर सरकार के खिलाफ जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उनसे मौजूदा चिंताजनक हालात के बीच अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाने और हिंसाग्रस्त इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। भारत की सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

गौरतलब है कि पिछले मई महीने में केन्या की संसद ने एक कर विधेयक को मंजूरी प्रदान की है। इसके लागू होते ही देश में शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर सभी जरूरी सरकारी सेवाएं महंगी होने की आशंका के चलते केन्या के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

पिछले मंगलवार को प्रदर्शनकारी केन्या के संसद भवन परिसर में घुस गए थे और उन्होंने इसके एक हिस्से में आग लगा दी थी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। जिसमें करीब दस लोगों की मौत हो गई है। केन्याई सरकार का उक्त बिल को लेकर यह कहना है कि इसके जरिए उसका राजस्व बढ़ेगा। जिसका उपयोग वह आम जनता से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए करेगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

'पहले उपयोग न करने व बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई' का है परमाणु सिद्धांतः सीडीएस चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को भारत के परमाणु क्षमता सिद्धांत से रूबरू कराते हुए कहा कि यह पहले उपयोग न करने और बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई के सिद्धांत पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों से होने वाला खतरा एक बार फिर भू-राजनीतिक परिदृश्य की केंद्रीय भूमिका में आ गया है। यह जानकारी सीडीएस ने 26 जून को राजधानी में सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (आईआईएसएस) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दी। इसका विषय परमाणु रणनीतिः समकालीन विकास और भविष्य की संभावनाएं रखा गया था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में पारंपरिक युद्ध की बदलती प्रकृति, तरीकों और उनकी विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। सीडीएस ने इस कार्यक्रम में एशियन डिफेंस रिव्यू-2024 , उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और भारत के लिए खतरों के बदलते आयाम' जैसे कुछ दस्तावेजों को भी जारी किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की डीआरडीओ और नौसेना की सराहना

डीआरडीओ ने नौसेना को सौंपा आला तकनीक वाला 'माइक्रोवेव चैफ रॉकेट'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के जहाजों से लेकर अन्य परिसंपत्ति दुश्मन के रडार की पहुंच बाहर हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को बल को मध्यम दूरी का माइक्रोवेव ऑब्सक्यूरेंट चैफ रॉकेट (एमआर-एमओसीआर) सौंपा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एमओसी-एमओसीआर एक आला स्वदेशी तकनीक है। जिसकी मदद से नौसैन्य प्लेटफॉर्म के चारों ओर एक माइक्रोवेव ढाल बनती है। जो इसे रडार की पकड़ में आने से बचाने के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। इसे डीआरडीओ की जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला ने विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तकनीक के सफल विकास पर डीआरडीओ और नौसेना की सराहना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह तकनीक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक अहम कदम है। एमआर-एमओसीआर को डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने नौसेना के आयुध निरीक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल बृजेश वशिष्ठ को सौंपा। डॉ. कामत ने ▶▶ शेष पेज 5 पर



कोच्चि में शुरू हुआ सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशिक्षुओं का कोच्चि स्थित भारतीय नौसेना की दक्षिणी कमांड में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षुओं का दूसरा बैच है। जो भारत में नौसैन्य गतिविधियों से जुड़ा हुआ प्रशिक्षण ले रहा है।

नौसेना ने बुधवार को बताया कि रॉयल सऊदी नेवल फोर्स ने कोच्चि में भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन में बीते 24 जून से प्रशिक्षण की शुरुआत की है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल चार सप्ताह तक चलेगा। इसके पूर्व में पिछले साल सऊदी नौसेना के युवा कर्मियों का पहला बैच प्रशिक्षण लेने के लिए भारत पहुंचा था। प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन अंशुल किशोर प्रशिक्षुओं को कार्यक्रम की जरूरी रूपरेखा की जानकारी दी। इस दौरान इनके पाठ्यक्रम में मूलभूत नाविक गतिविधियां, बंदरगाह चरण के दौरान सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण मुख्य रूप से शामिल है। समुद्री चरण में समुद्री जीवन की बारीकियों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

टेलीग्राम पर जाल में फंसाकर महिला को लगाई थी 10.30 लाख की चपत, तीन ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका पुलिस ने जालसाजों के एक ऐसे रैकेट का खुलासा किया है जो टेलीग्राम पर निवेश के बदले हाई रिटर्न का झांसा देते थे। कुछ समय पहले ही इन्होंने एक महिला से 10.30 लाख रुपए की ठगी की थी। रैकेट में शामिल तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। इनके नाम विपिन (30), मोहित (27) और सामर्थ (23) बताये गये हैं।

आरोपी फर्जी कागजातों पर खोले गये बैंक खाते और सिमकार्ड टेलीग्राम गैंग को उपलब्ध करवाते थे। इसके बदले इन्हें ठगी की रकम का 30 फीसदी हिस्सा प्राप्त होता था। पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को रेखा शर्मा नाम की महिला ने 10.30 लाख रुपये की ठगी की शिकायत दी थी। महिला ने

बताया कि एक अज्ञात नंबर से उसके पास कॉल आई थी। फोन करने वाले ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में शामिल करने व निवेश पर अच्छा मुनाफा देने का ऑफर दिया था। इसके बाद उन्हें एक ग्रुप में जोड़ लिया गया। शुरु में अच्छा लाभ भी उन्हें दिया गया। बाद में उनसे मोटी रकम ऐंठने के बाद अपने सभी संपर्क सूत्र बंद कर दिये गये। पुलिस की जांच सीडीआर और बैंक खाते पर केंद्रित हुई। सबसे पहले विपिन कुमार को पकड़ा गया। वह आजादपुर में सिमकार्ड विक्रेता है। विपिन ने पूछताछ में बताया कि मोहित शर्मा और सामर्थ ने उससे सिमकार्ड खरीदे थे। इसके बाद उनके बीच दोस्ती हो गई थी।

आरोपियों को बैंक अकाउंट खुलवाने के बदले मिलती थी मोटी रकम

बाद में दोनों ने विपिन से एक निजी बैंक में अकाउंट खुलवाने के लिए कहा। उसके बदले मोटी रकम देने का ऑफर दिया। विपिन ने अकाउंट खुलवाया और दोनों को उसे ऑपरेट करने की जिम्मेदारी दे दी। इन दोनों ने आगे बैंक अकाउंट का संचालन टेलीग्राम गैंग को दे दिया। इसी अकाउंट में एक दिन में 50 लोगों से ठगी गई करोड़ों की रकम आई, जो आगे विदेश भेजी गई। पुलिस अब रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

स्पेशल सेल ने 10 पिस्टल के साथ तस्कर दबोचा

एमपी से दिल्ली पहुंची थी हथियारों की खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने एक अवैध हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से .32 बोर की 10 पिस्टल बरामद हुई हैं। आरोपी सोशल मीडिया पर प्रसारित गैंगस्टरों के वीडियो से काफी प्रेरित था। इसका इरादा किसी बड़े गैंग में शामिल होने का भी था। बरामद हथियार एमपी के खरगोन से दिल्ली लाये गये थे। डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि हथियार तस्कर को समालखा बस स्टैंड, द्वारका लिंक रोड के पास से पकड़ा गया। हनुमानगढ़, राजस्थान निवासी तस्कर से हथियारों की खेप बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि चार साल से अधिक समय से वह अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल है और हाल ही में जेल से जमानत पर

रिहा हुआ है। जमानत पर छूटने के बाद उसने सुधरने की बजाय हथियार तस्करी की गतिविधियां जारी रखी। वह मध्य प्रदेश के खरगोन स्थित अवैध हथियार निर्माताओं के संपर्क में है। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अवैध हथियारों के आपूर्तिकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं से संपर्क किया। मध्य प्रदेश जाने से पहले वह अपना मोबाइल फोन बंद कर देता है और पूर्व निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद उसे चालू करता है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन के माध्यम से ही वह आपूर्तिकर्ता को कॉल करता था। वह अवैध हथियार 12 हजार में खरीकर उसे आगे 30 से 40 हजार में बेचता था। पिछले सप्ताह ही उसे आकर्षक दर पर अवैध हथियारों की आपूर्ति करने का प्रस्ताव मिला था। 2021 में इसने अपने साथियों के साथ मुथूट गोल्ड लोन शाखा, हनुमानगढ़ में दिनदहाड़े डकैती डाली थी। वह पहले भी आर्म्स एक्ट और डकैती आदि के छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इससे पहले उसने खरगोन, मध्य प्रदेश से पांच बार अवैध हथियार खरीदे थे और उन्हें दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में विभिन्न व्यक्तियों तक पहुंचाया था। पुलिस इस नेटवर्क के आगे और पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए आगे जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

सीसीटीवी फुटेज 'साझा' करने के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह एक रेस्तरां के अंदर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने का सीसीटीवी फुटेज लीक होने के सिलसिले में एक उप निरीक्षक और एक हेड कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारी सुभाष नगर पुलिस चौकी में तैनात थे, जिसके अधिकार क्षेत्र में यह रेस्तरां स्थित है। पश्चिमी दिल्ली में पिछले सप्ताह अमन जून (26) की दो बदमाशों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह एक महिला के साथ 'बर्गर किंग' रेस्तरां में बैठा हुआ था। पुलिस ने बताया कि अमन के शरीर पर गोली लगने के 38 निशान थे। सोशल मीडिया पर गोलीबारी का 14 सेकंड का सीसीटीवी फुटेज 20 जून को सामने आया, जिसमें हमलावर दिनदहाड़े अमन जून पर हमला करते हुए दिखे। फरवरी में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सभी जिला और इकाई प्रमुखों को किसी भी अपराध के सीसीटीवी फुटेज को लीक न करने का आदेश जारी किया था। बहरहाल, सूत्रों ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने जांच के लिए अन्य इकाई के अपने समकक्षों के साथ यह फुटेज साझा की थी।

युवती के आत्महत्या प्रकरण में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर के बिसरख थाने में एक युवती की आत्महत्या मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बिसरख थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी ने राहुल उर्फ राजा बाबू, शैतान सिंह तथा सतबीर की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। कुमार ने बताया कि युवती के पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी राहुल ने उनकी बेटी से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और घटना का वीडियो बनाया तथा तस्वीरें भी खींची। उन्होंने बताया कि पीड़ित पिता के अनुसार आरोपी राहुल ने उनकी बेटी के बजाए किसी और विवाह कर लिया लेकिन वीडियो और तस्वीरों के आधार पर वह उनकी बेटी को ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा और कई बार उससे पैसे भी लिए।

कश्मीरी गेट से लाडो सराय जा रही थी बस

महरौली में सड़क धंसने से फंसी बस, लगा भारी जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के महरौली में सड़क धंसने से बुधवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक इलेक्ट्रिक बस फंस गई, जिस कारण मार्ग पर भारी जाम लग गया। पुलिस ने बताया कि जिस जगह सड़क धंसी वहां कुछ काम जारी था।

पुलिस को इलाके में भारी जाम से संबंधित चार से पांच सूचनाएं प्राप्त हुईं। पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि साकेत मेट्रो स्टेशन के निकट एक बस के खराब होने के कारण खानपुर से महरौली की ओर जाने वाले एमबी रोड पर यातायात प्रभावित है। कृपया अपनी यात्रा की इस जानकारी के अनुसार बनाएं। पुलिस ने बताया कि बस को हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

सुबह सात बजे का हादसा

बस चालक भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों को उतारने के बाद जब हम आगे बढ़े तो सड़क धंस गई और बस वहीं फंस गई। उन्होंने बताया कि जब सुबह करीब सात बजे यह हादसा हुआ तो सड़क पर कोई गड्ढा नहीं था।

बस में चार से पांच यात्री सवार थे

बस बहुत धीमी गति से चल रही थी। उस समय बस में चार से पांच यात्री सवार थे। रूट नंबर 419 की बस कश्मीरी गेट से लाडो सराय जा रही थी। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक बयान में बताया कि लोक निर्माण विभाग के अनुरोध पर गदाईपुर पुलिस चौकी से एमजी रोड की ओर जाने वाले मंडी मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है क्योंकि यहां जल निकासी व्यवस्था पर काम चल रहा है। इस मार्ग पर अन्य वाहनों को जाने की अनुमति दी जाएगी। बयान के मुताबिक, मंडी गांव और आसपास के इलाकों से एमजी रोड और दक्षिणी दिल्ली की ओर जाने वाली बसों और भारी वाहनों को मंडी रोड से बांध रोड व संत श्री नागपाल मार्ग की ओर मोड़ दिया गया है।

दयालपुर: लूट के पीछे हुई थी बुजुर्ग महिला की हत्या

स्पेशल सेल ने एक आरोपी को जयपुर से धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दयालपुर इलाके में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में एक आरोपी को स्पेशल सेल ने जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। गत वर्ष कोर्ट ने इसे केस में भगौड़ा घोषित किया था। आरोपी का नाम अशोक कुमार (42) है। वह आगरा का रहने वाला है। डीसीपी मनोज सी के अनुसार आरोपी पिछले साल छह जुलाई से फरार था। इसके खिलाफ 2023 के जनवरी माह में दयालपुर थाने में हत्या और लूट की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था। पुलिस से बचने के लिए वह लगातार यूपी और राजस्थान में ठिकाने बदल बदलकर रह रहा था। हाल ही में इसके बारे में इनपुट मिलने के बाद 24 जून को

शास्त्री नगर, जयपुर से पकड़ा गया। अशोक से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने साथी बादल व कमल के साथ मिलकर लूटपाट करने के उद्देश्य से दयालपुर इलाके में एक बुजुर्ग महिला के घर एंट्री ली थी। इसी दौरान गला दबाकर महिला की हत्या कर दी गई थी। वर्तमान में आरोपी बादल और कमल न्यायिक हिरासत में हैं। बादल कमल का बेटा है, जबकि कमल आरोपी अशोक कुमार का मामा है। पुलिस को चकमा देने के लिए अशोक लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। वह जयपुर में अपने चाचा के घर के नजदीक ही किराये के मकान में रह रहा था।

दिल्ली में छिपा दंगे और हत्या के केस का वांटेड धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने बिहार के दरभंगा में दंगे और हत्या के मामले में वांटेड शख्स को अरेस्ट किया है। आरोपी मोहम्मद आफताब (32) पुलिस से बचने के लिये दिल्ली में छिपा हुआ था। इसके पास से एक बाइक भी बरामद हुई है। यह बाइक नबी करीम इलाके से चुरायी गई थी। एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार आरोपी के

बारे में इनपुट मिलने के बाद मोती बाग रोड माता मंदिर के पास ट्रैप लगाया गया था। उसी दौरान बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर सवार होकर मोती बाग फ्लाईओवर की तरफ जा रहा था। मुखबिर के इशारे पर उसे दबोच लिया गया। आरोपी ने बताया कि वह जिला दरभंगा, बिहार में दर्ज दंगे और हत्या के मामले में शामिल रहा है। यह घटना 2021 की है। एक ही समुदाय के दो ग्रुप के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। आफताब इस केस का मुख्य आरोपी था। मामले में 13 लोगों को पकड़ा जा चुका था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर बिहार पुलिस को सूचना दे दी गई है।

पुलिस अकादमी में 1355 जवानों की पासिंग आउट परेड आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस अकादमी में बुधवार को 1355 जवानों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। नए भर्ती जवानों में उप-निरीक्षक, हवलदार और सिपाही शामिल रहे। यह हवलदारों का सबसे बड़ा बैच बताया जा रहा है। पहली बार 15 प्रधान सिपाही (लिपिक) दिव्यांग भी पुलिस सेवा में शामिल हुये हैं। उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं में एक तिहाई महिलाएं शामिल है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार स्पेशल सीपी दीपेंद्र पाठक ने परेड की सलामी ली। इस दौरान लगभग चार हजार व्यक्तियों में प्रशिक्षुओं के परिवार के सदस्य, मेहमान, प्रशिक्षु और वरिष्ठ अधिकारी समारोह के गवाह बने और आयोजन की शोभा

बढ़ाई। प्रशिक्षण पूरा करने वाले जवानों में चार उप-निरीक्षक, 708 हेड कांस्टेबल (लिपिक) जिनमें 462 पुरुष और 246 महिलाएं शामिल थी, 640 हेड कांस्टेबल (एडब्ल्यूओ/टीपीओ) (428 पुरुष और 212 महिला), एक हेड कांस्टेबल (मास्ट लश्कर) व दो सिपाही (आरटीओ/एडब्ल्यूओ) दमन और दीव पुलिस शामिल है। इन जवानों को न केवल प्रशासनिक संचालन बल्कि साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन अपराध, प्रभावी संचार और नए आपराधिक कानूनों के क्षेत्र का भी ज्ञान दिया गया है। इसके अलावा, पहली बार दिल्ली पुलिस में 15 हेड कांस्टेबल (लिपिक) जिनमें 10 पुरुष व 5 महिला (दिव्यांग) को भी दिल्ली पुलिस में भर्ती किया गया है। हेड कांस्टेबल (लिपिक) 69 बैच की काजल दहिया ने ऑल राउंड बेस्ट और विधि विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेड कांस्टेबल (लिपिक) विक्रांत सिंह आउटडोर, हेड कांस्टेबल (लिपिक) विकास कुमार कंप्यूटर में, हेड कांस्टेबल (लिपिक) प्रीती ने फायरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेड कांस्टेबल (एडब्ल्यूओ/टीपीओ) ज्योति यादव ने ऑल राउंड बेस्ट, हेड कांस्टेबल अंजू, इंडोर में प्रथम और हेड कांस्टेबल कविंद्र सिंह ने आउटडोर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील शुक्ला उर्फ रवि पुत्र श्री निवास शुकला निवासी म. नं. टी–929, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **22/2017 अन्तर्गत धारा 380/457/511/279/34 आईपीसी थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील शुक्ला उर्फ रवि** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील शुक्ला उर्फ रवि** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **22/2017 अन्तर्गत धारा 380/457/511/279/34 आईपीसी थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुशील शुक्ला उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
शशांक नन्दन भट्ट
महानगर दण्डाधिकारी–02, पश्चिम
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/8054/WD/2024
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर पुत्र प्रसादी लाल निवासी झुग्गी, गुरूद्वारा के पास, सीलमपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **504/2016 अन्तर्गत धारा 356/379/34 आईपीसी, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **504/2016 अन्तर्गत धारा 356/379/34 आईपीसी, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
अरिदामन सिंह चीमा
महानगर दण्डाधिकारी–03
शाहदरा, कोर्ट नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/8086/NE/2024
(Court Matter)

प्रत्येक पेड़ के बदले 100 पौधे लगाएं डीडीए

सुप्रीम कोर्ट ने दिया दिल्ली सरकार व नगर निकायों को हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए बैठक बुलाने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार और नगर निकायों को एक बैठक आयोजित करने तथा शहर के हरित क्षेत्र को बढ़ाने के व्यापक उपायों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि हरित क्षेत्र कम होने के चलते लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो रही है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह उम्मीद करती है कि वन विभाग और वृक्ष प्राधिकरण दिल्ली में पेड़ों को अवैध रूप से नुकसान पहुंचाये जाने की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पीठ ने कहा कि पेड़ों की

'हरित क्षेत्र कम होने के चलते लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो रही है'

कटाई की अवैध गतिविधियों पर विचार करते हुए हम दिल्ली सरकार, वन एवं पर्यावरण विभाग, वृक्ष प्राधिकरण, एमसीडी (दिल्ली नगर निगम), डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को नोटिस जारी करते हैं। न्यायालय ने कहा कि वन विभाग के सचिव राष्ट्रीय राजधानी के हरित कवर को बढ़ाने के लिए व्यापक उपायों पर चर्चा के वास्ते नियुक्त विशेषज्ञ समिति की मौजूदगी में इन सभी अधिकारियों की एक बैठक बुलाये। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में पेड़ों की कटाई के कृत्यों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। न्यायालय ने इस बारे में डीडीए के उपाध्यक्ष से 'स्पष्टीकरण' मांगा था कि क्या रिज क्षेत्र में पेड़ उपराज्यपाल के आदेश पर काटे गए थे। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने छतरपुर से साऊथ एशियन यूनिवर्सिटी तक सड़क निर्माण के लिए दक्षिणी रिज के सतबारी इलाके में पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई की अनुमति देने को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा के खिलाफ एक अवमानना नोटिस जारी किया था। न्यायालय ने डीडीए के उपाध्यक्ष द्वारा गुमराह करने वाला हलफनामा दाखिल किये जाने और गलत तथ्य प्रस्तुत करने को लेकर नाराजगी जताई थी। शीर्ष अदालत ने डीडीए द्वारा काटे गए प्रत्येक पेड़ के बदले 100 पौधे लगाने का निर्देश भी दिया था।

डर के कारण डीडीए अधिकारी ईमेल को पहचानने से कर रहे हैं इनकार : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के सतबड़ी वन्य क्षेत्र में काटे गए 1100 वृक्षों के संबंध में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के पश्चात दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बयान जारी कर कहा कि यह बेहद ही चिंता का विषय है कि आज दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारी इतना डरे हुए हैं कि खुद की लिखी हुई ईमेल को डीडीए के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पहचानने से इनकार कर रहे हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दबाव दिया गया तो डीडीए के वकील ने इस बात को स्वीकार किया की 3 फरवरी को डीडीए के प्रमुख अभियंता (इंजीनियरिंग इन चीफ) उपराज्यपाल के साथ वहां दौरे पर मौजूद थे, तो इस बात से साबित हो जाता है कि उपराज्यपाल ही 3 फरवरी को दौरा करने गए थे।

राय ने 1100 पेड़ काटने पर किया रिकॉर्ड तलब

साउथ दिल्ली के रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में सुप्रीम कोर्ट से बिना अनुमति लिए 1100 पेड़ों को काटने के मामले में वन मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों से गुरुवार को सुबह 11 बजे तक पूरा रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में बुधवार को वन विभाग के अफसरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचएसआईआईडीसी	गांव राजापुर, एचएसआईआईडीसी आई.ई. पानीपत में विभिन्न विकास कार्य।	26.06.2024 03.07.2024	71.99 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8558829230 ia.panipat@hsiidc.org.in
2	एचएसआईआईडीसी	सीवरेज डिस्पोजल, आईई, कुताना, रोहतक में 30 एचपी 960 आरपीएम मोटर सहित किर्लोस्कर मेक मॉडल एसएचएम-200/40एन सेंट्रीफ्यूगल पम्प की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण।	26.06.2024 02.07.2024	3.91 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in
3	एचएसआईआईडीसी	औद्योगिक सम्पदा, रोहतक में जन स्वास्थ्य सेवाओं, वैद्युत स्थापनाओं, चारदिवारी, परिसर विकास समेत सामुदायिक केन्द्र का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।	26.06.2024 09.07.2024	141.34 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in
4	एचएसआईआईडीसी	एचपीजीसीएल से एचएसआईआईडीसी गांव-मोटुका फरीदाबाद तक हस्तांतरित भूमि 141.78 एकड़ हेतु सेफगार्ड।	26.06.2024 02.07.2024	3.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/27178/I/88/7 दि. 26.06.24

अस्पताल जाकर अखिलेश और वृंदा करात ने आतिशी का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पानी सत्याग्रह के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद लोक नायक अस्पताल में भर्ती जल मंत्री आतिशी से बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अस्पताल में भर्ती आतिशी का हालचाल जाना। अखिलेश यादव ने कहा कि जलमंत्री आतिशी बहुत बहादुर हैं और लड़ना जानती हैं। वो हमेशा दिल्ली की जनता के लिए लड़ती रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों के साथ भेदभाव किया है। खासकर सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। केजरीवाल जेल से बाहर आने ही वाले थे, लेकिन उनको फिर से फर्जी मामले में फंसा दिया गया है, ताकि बाहर न आ सकें और जनता के बीच न जा सकें। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, सपा के सांसद लालजी वर्मा, राजीव राय और आनंद भदौरिया समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

केंद्र सरकार ने केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सीबीआई के लोग कोई पहली बार लोगों को नहीं फंसा रहे हैं। ये लगातार लोगों को फंसाते आ रहे हैं। भाजपा वाले सीबीआई के जरिए उनको फंसाते हैं, जिनसे इनको खतरा है। सीबीआई का इस्तेमाल होना नई बात नहीं है। इसी का परिणाम रहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनता ने मतदान किया। सौभाग्य से ये लोग सत्ता से जाते-जाते बच गए, वरना भाजपा का केंद्र सरकार में सफाया हो गया होता। केंद्र सरकार ने अरविंद केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है।

केंद्र सरकार और एलजी नहीं निभा रहे अपना दायित्व : वृंदा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात एलएनजेपी अस्पताल पहुंचकर जलमंत्री आतिशी से मिली और उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि यह बहुत खेद की बात है कि केंद्र सरकार और एलजी अपना दायित्व नहीं निभा रहे हैं और दिल्ली की जनता के पानी के साथ भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। आतिशी के अनशन से केंद्र और एलजी कोई जरा भी फर्क नहीं पड़ा, जबकि यह आतिशी की नहीं, बल्कि जनता की लड़ाई है। आतिशी बहुत बहादुरी के साथ जनता की लड़ाई लड़ी हैं। हम यहां उनको सलाम देने के लिए आए थे। आतिशी हमें बताया है कि स्वास्थ्य ठीक होने के बाद दिल्ली के लिए दोबारा लड़ेंगे।

आतिशी का स्वास्थ्य स्थिर, आईसीयू से आई बाहर

लोकनायक अस्पताल के आईसीयू भर्ती हुई आतिशी का अब स्वास्थ्य स्थिर है और वह आईसीयू से बाहर आ गई हैं। उनका हालचाल लेने के लिए विपक्षी दलों के कई नेता और शुभचिंतक उनसे मिलने अस्पताल आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी 21 मार्च से हरियाणा से दिल्ली के हक का पानी छोड़ने की मांग को लेकर जंगपुरा के भोगल में अनिश्चितकालीन पानी अनशन पर बैठी थीं। अनशन के पांचवें दिन आतिशी का ब्लड शुगर और बीपी काफी कम हो गया और यूरीन में कीटोल लेवल भी बढ़ गया, जिसके चलते उनकी तबीयत गंभीर हो गई और एलएनजेपी के डॉक्टरों ने उनकी जान को खतरा बताते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। मंगलवार की सुबह करीब 3:40 बजे उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। अब उनका स्वास्थ्य स्थिर है और आईसीयू से बाहर आ गई हैं।

दिल्ली की तीन करोड़ जनता तरस रही है पानी के लिए : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की दिल्ली की जनता के प्रति अनदेखी और असंवेदनशीलता के चलते दिल्ली की तीन करोड़ जनता पानी के लिए तरस रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली की जनता जल संकट से त्रस्त है और पिछले 10 वर्षों के शासन में केजरीवाल सरकार ने लगातार बढ़ती दिल्ली की जनसंख्या के अनुसार पानी उत्पादन की क्षमता में एक एमजीडी पानी की बढ़ोत्तरी नहीं की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अपने पीने के पानी की 90 प्रतिशत जरुरत के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है उसके बावजूद दिल्ली जल बोर्ड ग्रीष्म काल से पहले दिल्ली के लिए पानी की पर्याप्त जरुरत के लिए कोई योजना तैयार नहीं कर रही है। यादव ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि जल मंत्री आतिशी भीष्ण गर्मी पड़ने, यमुना में जल स्तर में कमी के बाद जल संकट उत्पन्न होने के बाद समस्या का हल निकालने की जगह जल सत्याग्रह और भूख हड़ताल का नाटक करके बीमारी के बाद सत्याग्रह खत्म करके दिल्ली वालों को बारिश के भरोसे छोड़ दिया है।

खबर संक्षेप

आईपी यूनिवर्सिटी के सात प्रोग्राम में दाखिले के लिए विकल्प चयन 28 जून से

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के सात प्रोग्राम में दाखिले के लिए विकल्प चयन का अवसर 28 जून से 3 जुलाई तक उपलब्ध रहेगा। ये सात प्रोग्राम एमबीए (कैट के जरिए), बीसीए, बीएड, बीबीए, बी टेक, लैटरल एंट्री टू बीटेक, बीएड (स्पेशल एजुकेशन) हैं, जिन आवेदकों ने इन प्रोग्राम के लिए पंजीकरण कर रखा है। वे 28 जून से 3 जुलाई तक विकल्प चयन कर सकते हैं। इस दौर की काउन्सलिंग के लिए नए पंजीकरण संभव नहीं है। विकल्प चयन ऑनलाइन काउन्सलिंग प्रक्रिया का एक हिस्सा है। 4 या 5 जुलाई को इन प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आयोजित प्रथम चरण की काउन्सलिंग का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए आईपी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट देखते रहे।

दिल्ली सरकार के 594 व्यावसायिक प्रशिक्षकों और समन्वयकों की बहाली का भाजपा ने किया स्वागत

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली के 7 सांसदों का धन्यवाद किया जिनके प्रयासों से दिल्ली शिक्षा विभाग के 594 व्यावसायिक प्रशिक्षकों और समन्वयकों की सेवाएं बहाल की गईं। इन शिक्षकों की सेवाएं, जिनमें से कई लगभग 3 दशकों से काम कर रहे थे, इस वर्ष की शुरुआत में केजरीवाल सरकार द्वारा लापरवाही से समाप्त कर दी गई थीं। सचदेवा ने कहा कि जैसे ही लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता समाप्त हुई, हमारे नव निर्वाचित सांसद हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीण खंडेलवाल और बांसुरी स्वराज ने इस मुद्दे को उठाया और 22 जून को दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने इन व्यावसायिक प्रशिक्षकों और समन्वयकों की शिकायत को समझा और उनकी बहाली का आदेश दिया।

सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के बाद सुनीता केजरीवाल ने लगाया आरोप

पूरा तंत्र इस कोशिश में लगा है कि केजरीवाल को जमानत न मिले, यह है तानाशाही : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उनके पति जेल से बाहर न आ सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी मामले में गिरफ्तार कराए जाने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को 20 जून को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत मिल गई थी, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुरंत उस पर स्थगन आदेश ले लिया। अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया और आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि वह आदमी (केजरीवाल) जेल से बाहर न आएं। यह कानून नहीं है। यह तानाशाही है, यह आपातकाल है। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले के सिलसिले में एक अप्रैल से जेल में हैं। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। उच्चतम न्यायालय ने 10 मई को लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। वह दो जून को जेल लौटे थे। दिल्ली के उपराज्यपाल ने आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इसकी जांच कराने का आदेश दिया था जिसके बाद इस नीति को जुलाई 2022 में रद्द कर दिया गया था।

तानाशाह ने जुल्म की सारी हदें कर दी पार : आप

आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की। आप ने ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तानाशाह ने जुल्म की सारी हदें पार कर दी है। आज जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने की पूरी संभावना थी तो बौखलाहट में भाजपा ने फर्जी मामले में सीबीआई से केजरीवाल को गिरफ्तार करवा दिया। आप ने कहा सीबीआई केजरीवाल को राउज एवेन्यू अदालत लेकर पहुंची, जहां रक्त में उनका शर्करा स्तर बहुत नीचे गिर गया। तानाशाह, तुम कितने भी जुल्म ढहा लो, केजरीवाल न झुकेगा और न ही टूटेगा।

इससे बड़ा कोई आपातकाल नहीं हो सकता : सिंह

कोर्ट से अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद राउज एवेन्यू अदालत के बाहर राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि इससे बड़ा कोई आपातकाल नहीं हो सकता। केजरीवाल न तो आतंकवादी हैं और न ही अपराधी। सीबीआई ने चार आरोपपत्र दाखिल किए, लेकिन केजरीवाल का कोई जिक्र नहीं था। उन्हें केजरीवाल की याद तब आती है, जब वह रिहा होने वाले होते हैं। पूरा देश जानता है कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से कहना चाहता हूं कि आपने आपातकाल लगा दिया है। आप हमें सरेआम गोली मार सकते हैं, पूरा देश आपका गंदा खेल देख रहा है।

यदि केजरीवाल रिश्वतखोरी ना करते तो आज उनको कोई बदलाखोरी का डर नहीं सताता : सचदेवा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी एवं विपक्ष के जिन नेताओं को यह लगता है कि अरविंद केजरीवाल के प्रति कोई बदले की राजनीति चल रही है तो उनको समझना होगा। यदि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रिश्वतखोरी ना करते तो आज उनको कोई बदलाखोरी का डर नहीं सताता। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को यह ब्यान जारी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेताओं द्वारा 2022 में दायर केस में अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी दिल्लीवासियों के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। सीबीआई के पास पहले से ही एक अलग मूल मामला था जिसमें केजरीवाल को पहले भी सीबीआई कार्यालय बुलाया गया था और मनीष सिसोदिया पहले से ही इसमें गिरफ्तार हैं। मनीष सिसोदिया के बाद अरविंद केजरीवाल की भी कांग्रेस द्वारा दर्ज केस में गिरफ्तारी न्याय की मांग थी। इसलिए केजरीवाल की यह गिरफ्तारी और अदालत में पेशी कोई आश्चर्य की बात नहीं है और यह केवल कानूनन प्रक्रिया का अंतिम चरण है। सचदेवा ने कहा है कि जिस तरह की कटाक्ष पूर्ण टिप्पणी उच्च न्यायालय के फैसले पर मंगलवार शाम से 'आप' नेता कर रहे हैं वह उनके लोकतंत्र में न्यायपालिका में विश्वास की कमी को दर्शाता है। वहीं, सोशल मीडिया पर ट्वीट में सचदेवा ने कहा कि एक कानूनी प्रक्रिया के तहत सीबीआई ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है और इस गिरफ्तारी से किसी भी दिल्ली वासी को अचरज नहीं है क्योंकि केजरीवाल के असली चरित्र से जनता परिचित है। जब केजरीवाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और घोटाले लगातार आप सरकार में हुए हैं तो कानून अपना कार्य तो करेगा ही। उच्च न्यायालय के फैसले पर विकृत मानसिकता के साथ तुच्छ टिप्पणी करने वाले आप नेताओं का लोकतंत्र और न्यायपालिका में भरोसा ही नहीं है, यह स्पष्ट हो गया है।

कोर्ट में रंगे हाथ झूठ बोलते पकड़ी गई सीबीआई, जज ने फर्जी बता किया खारिज : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने सीबीआई द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर कोर्ट में झूठा दावा करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। 'आप' के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि भाजपा की सीबीआई कोर्ट में झूठ बोलते हुए रंगे हाथ पकड़ी गई। उसने कोर्ट में झूठा दावा कि सीएम केजरीवाल ने सारा दोष मनीष सिसोदिया पर डालकर केस से अपना पल्ला झाड़ लिया है। उसके इस दावे का केजरीवाल ने तुरंत विरोध किया और जज से कहा कि सीबीआई सरासर झूठ बोल रही है। मैंने कभी ऐसा बयान नहीं दिया है और अगर दिया है तो सीबीआई कोर्ट को दिखाए। मैं, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी पूरी तरह से निर्दोष हैं। इसके बाद जज ने खुद मुख्यमंत्री दर्ज बयान पढ़ा और साफ कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, सीबीआई का दावा पूरी तरह झूठा है। उसे दावे और प्रमाण में कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा के इशारे पर सीबीआई ने केवल मीडिया में सनसनी फैलाने के लिए कोर्ट में झूठ बोला। ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल सिर्फ 'आप' नेताओं की छवि खराब करने के लिए किया जा रहा है।

आप नेताओं का जांच एजेंसियों पर संदेह करना खेदजनक : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेताओं जैसे सौरभ भारद्वाज या जैस्मिन शाह को जांच एजेंसियों पर संदेह करना खेदजनक है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बुधवार को यह ब्यान जारी कर कहा है कि "आप" नेताओं की समस्या यह है कि शिकायत प्राधिकरणों और जांच एजेंसियों की तो छोड़िए, वे चाहते हैं कि अदालतें भी उनके पार्टी नेताओं के खिलाफ शिकायतों का संज्ञान न लें। "आप" नेताओं की समस्या आज यह भी है कि वे चाहते हैं कि सीबीआई और ईडी उनके खिलाफ मामला न चलाएं और वे एजेंसी पर झूठे आरोप लगाकर सीबीआई की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज से लेकर जैस्मिन शाह तक सभी जानते हैं कि शराब घोटाले में सीबीआई का मामला 2022 से चल रहा है और इसमें अप्रैल 2023 में केजरीवाल को तलब किया गया था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से भारद्वाज और जैस्मीन शाह ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं जैसे केजरीवाल को पीड़ित किया जा रहा है। "आप" नेताओं को समझना चाहिए कि दिल्ली के लोग अब इस बात पर विश्वास करते हैं कि केजरीवाल सरकार ने न केवल शराब घोटाला किया है बल्कि दिल्ली जल बोर्ड, यमुना सफाई से लेकर पैनिक बटन तक में भी घोटाले किए हैं और यही कारण है कि उन्होंने लोकसभा चुनावों में "आप" को करारी शिकस्त दी है।

एमसीडी रोहिणी जोन पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के भवन विभाग में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध रोहिणी जोन पर क्रांतिकारी जनरल मजदूरी यूनियन ने प्रदर्शन किया। यूनियन के संरक्षक अश्वनी बागड़ी ने कहा कि जहां एक तरफ अरविंद केजरीवाल के पार्षद निगम में यह बात कहकर सत्ता में आए थे कि वह दिल्ली से लेंटर माफिया निगम के भ्रष्टाचार को समाप्त करेंगे परंतु बड़े दुख की बात है कि जब से आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम में काबिज हुई है तब से भवन विभाग द्वारा मकान बनाने में लेटर के लिए डबल कर दिए गए हैं तथा गरीब लोगों को नोटिस भेज कर एमसीडी दफ्तर बुलाकर धमकाया जाता है कि अगर मैं पैसे नहीं देंगे तो उनका मकान तोड़ दिया जाएगा। जबकि इंडस्ट्रियल एरिया के अंदर जहां मात्र 60 प्रतिशत भवन निर्माण की अनुमति है वहां 100 प्रतिशत अवैध निर्माण किया जा रहा है। यूनियन ने कहा कि अग्निशमन विभाग के नियमों का पालन नहीं हो रहा जिसके कारण आगजनी की घटना पर मजदूरों की जान जा रही है। बागड़ी ने कहा कि निगम के अधिकारी मोटी रिश्वत लेकर अवैध निर्माण को संरक्षण दे रहे हैं और जोन उपायुक्त ने मिलने से इंकार कर दिया। वहीं, अधीक्षण अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर इस मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करेंगे जिस पर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कामता प्रसाद शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर अगर उनकी शिकायत पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह एमसीडी आयुक्त के कार्यालय पर धरना देंगे।

एबीवीपी ने छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने छात्रों को आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन कर छात्र कल्याण अधिष्ठाता को अपना मांगपत्र भी सौंपा।

एबीवीपी दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि, देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संबंधी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है।

आज हमने छात्रों के विभिन्न मुद्दों पर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया तथा अधिष्ठाता से मिलकर अपना मांग पत्र भी सौंपा तथा इन सारी मांगों पर जल्द से जल्द विचार करने के लिए उनसे आग्रह भी किया।

एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने अपने मांगपत्र में केंद्रीकृत छात्रावास आवंटन फॉर्म निकालने, छात्रा मार्ग पर पिंक शौचालय निर्माण करने, यूनिवर्सिटी स्पेशल बसेस, यूजी और पीजी के लिए हर सेमेस्टर में पूरक परीक्षाएं आयोजित करने, छात्रों की परीक्षा संबंधित शिकायत के निवारण के लिए एकल खिड़की स्थापित करने तथा कैंपस में सुचारू वाई- फाई लगाने की मांगों को सम्मिलित किया।

सफाई के मामले में कोई भी कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

मानसून से पहले हो सभी नालों की सफाई : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून के आगमन से पहले सभी नालों की सफाई की जाए, पीडब्ल्यूडी और बाढ़ नियंत्रण विभाग के साथ पत्राचार कर नालों की सफाई की जाए और सफाई के मामले में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को सिविल लाइन्स जोन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के दौरान यह निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां महापौर ने समस्याओं का समाधान के लिए पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में महापौर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नागरिकों से संबंधित समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को कहा कि मानसून के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पंप सेट की व्यवस्था की जाए। सिविल लाइंस के उपायुक्त को मानसून की तैयारियों का जायजा लेने के लिए निरीक्षण करने के लिए कहा। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, सिविल लाइन्स क्षेत्र के पार्षद, क्षेत्रीय उपायुक्त राकेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

व्याप्त समस्याओं के बारे में महापौर को अवगत कराया

महापौर डॉ. ओबरॉय ने सिविल लाइंस क्षेत्र के पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पार्षदों ने अपने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के बारे में महापौर को अवगत कराया। वार्ड नंबर 19 से पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में एक भी कंपैक्टर मशीन नहीं है एवं न ही कोई ढलाव घर है। वार्ड नंबर 17 से पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। वार्ड नंबर 10 के पार्षद ने जगतपुर गांव के गली नंबर 9 में स्थित स्कूल में पानी की लाइन की समस्या के बारे में अवगत कराया।

ठोस कचरे के निस्तारण से संबंधित मुद्दे उठाए

बैठक में उपस्थित पार्षदों ने अपने वार्ड मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव,पार्कों में सफाई व्यवस्था और पानी की समस्या, ऑटो टिप्परों की कमी, प्लास्टिक के उपयोग पर कार्रवाई एवं पॉलीथीन के उपयोग पर कार्रवाई, अतिक्रमण, संतनगर में नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर शौचालयों के निर्माण,पार्कों में वृक्षारोपण और ठोस कचरे के निस्तारण से संबंधित मुद्दे उठाए।

अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त अभियान चलाया जाए

महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्त को कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त अभियान चलाया जाए। महापौर ने क्षेत्रीय उपायुक्त को कचरा प्रबंधन करने वाली कंपनी के साथ बातचीत कर मशीनरी किराए पर लेने के लिए कहा। ऑटो टिप्परों की कमी पर महापौर ने कहा कि ऑटो टिप्परों का तर्कसंगत उपयोग किया जाए। वार्ड में स्थित वजीराबाद नाले की समय से सफाई करने के निर्देश दिए। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम की आप सरकार दिल्ली के नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनएचआरसी और गृह मंत्रालय से डूसिब के तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश करेगी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अधिकारियों ने नहीं माना दिल्ली के शहरी विकास मंत्री का आदेश
- गर्मी के बीच रैन बसेरों में पानी के डिस्पेंसर और पानी आधारित एयर कूलर सुनिश्चित करने के दिए थे निर्देश

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के तीन वरिष्ठ के खिलाफ कार्रवाई के लिए दिल्ली सरकार का शहरी विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपकर कार्रवाई की मांग करेगा। दरअसल दिल्ली में रिकॉर्ड गर्मी के बीच शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने डूसिब के सीईओ मनीष गुप्ता को सभी बेघर आश्रयों में पानी के डिस्पेंसर और पानी आधारित एयर कूलर सुनिश्चित करने के लिए मौखिक निर्देश दिए थे। बाद में वही निर्देश सीईओ को लिखित नोट के रूप में दोहराए गए।

मंत्री ने डूसिब के तीन वरिष्ठ अधिकारियों एसके सिंह, पीके झा और फोनिया को प्रत्येक दिन 5 आश्रयों का दौरा करने कर सेल्फी समेत रिपोर्ट सौंपने के लिए नियुक्त करने का भी निर्देश दिया गया था। हालांकि, अनुस्मारक के बावजूद, डूसिब के तीन अधिकारियों ने मंत्री को कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। यह डूसिब के 3 वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कर्तव्य में लापरवाही है। सीईओ मनीष गुप्ता को उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री इन अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकते, इसलिए यह रिपोर्ट उचित कार्रवाई करने के लिए मंत्री द्वारा एनएचआरसी और एमएचए को भी भेजी जाएगी।

एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने सुनी शिकायतें

15 शिकायतों का त्वरित निराकरण कर 39 शिकायतों पर जल्द कार्रवाई के दिए निर्देश,समाधान शिविर में अधिकारी निभा रहे हैं अपना दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश भर में समाधान शिविरों के जरिए आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है। सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच जिला स्तर से लेकर उपमंडल स्तर पर अधिकारी दो घंटे संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर जनसेवा को समर्पित होकर अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने समाधान शिविर में बैठकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और दो घंटे से ज्यादा चले शिविर में 54 शिकायतों की सुनवाई करते हुए 15 का मौके पर ही निराकरण किया। अन्य 39 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खास बातें

- जिले से उपमंडल स्तर तक लगाए जा रहे हैं समाधान शिविर
- सुबह 9 से 11 बजे तक उपस्थित रहते हैं अधिकारी
- नागरिकों से अपनी शिकायतें निपटवाने का किया आह्वान

समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा

समाधान शिविर में डॉ. शर्मा ने प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की शिकायतों का समाधान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण व सार्थक और अनूठा कदम उठाया है। जहां जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन आम जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें इन समाधान शिविरों के माध्यम से निपटवाएं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। इसलिए समस्याओं का समाधान त्वरित किया जा रहा है।

बेवजह चक्कर न कटवाएं

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की जो शिकायतें मौके पर निपटाने की स्थिति में है। उनके लिए उन्हें बेवजह चक्कर न कटवाएं। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनके लिए समय सीमा निर्धारित कर शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी अवश्य दें। इस अवसर पर समस्याओं को तत्परता से निपटाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में डीसीपी ट्रैफिक उषा देवी, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह व सीटीएम अंकित कुमार सहित ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य वजीर डागर भी मौजूद रहे।

5 मिनट में जन्मतिथि सही की गई, सरकार और प्रशासन को दिया धन्यवाद

बुधवार को प्रदीप कुमार सिंह राठौर निवासी सेक्टर-87 एसआरएस रॉयल सोसाइटी ने एडीसी डॉ आनंद शर्मा और उनकी टीम के अधिकारी गण व कर्मचारियों और जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए बताया कि परिवार पहचान पत्र में उनकी बेटी चित्रांशी राठौर की जन्मतिथि सही की गई है। जोकि मात्र पांच मिनट के भीतर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रणाली के माध्यम से ठीक की गई है। इससे पहले प्रदीप कुमार सिंह ने सीएससी सेंटर में सरकार को ऑनलाइन जन्मतिथि की त्रुटि दूर करने का आवेदन किया था। उन्होंने आगे बताया की बेटी चित्रांशी का बीकॉम में दाखिला कराने के लिए डीएचई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना था। जो की जन्मतिथि की त्रुटि के कारण हो नहीं पा रहा था। प्रदीप कुमार सिंह ने इस समाधान के लिए सरकार का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप

शराब की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। थाना मुजेसर की टीम पुलिस चौकी संजय कॉलोनी ने शराब की तस्करी करने वाले

आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नंदन चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस ने गस्त के दौरान गाजीपुर रोड नंगला गुजरान से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 12 पव्वे देशी, 10 अद्धे व 8 बीयर की बोतल बरामद हुई है।

फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने चोरी की वारदात में शामिल फरार चल रहे

आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजकुमार गांव मामदिपुर छांयसा का रहने वाला है। आरोपी को ऑटो सहित चंदावली पुल के पास से काबू किया है। आरोपी ने अपने साथी आरोपी रविन्द्र और मोहित के साथ मिलकर आईएमटी एरिया से सरिया चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था।

गांजा रखने के अपराध में आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले आरोपी को



काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार जोगेन्द्र मूल रूप से गांव सुरेती जाखल महेंद्रगढ़ हाल साई बिहार कॉलोनी भूपानी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान बाईपास रोड सेक्टर-17 से इको कार सहित काबू किया है।

नशा तस्कर गिरफ्तार 200 गोलियां बरामद

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशे की

तस्करी करने वाले आरोपी को काबू किया है। आरोपी सुरेन्द्र वासी दौलतराम कॉलोनी रेलवे रोड गौतम बुद्धनगर नोएडा यूपी का रहने वाला है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर पॉवर हाउस सराय ख्वाजा एरिया से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 200 टैबलेट बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

सहायक चुनाव आयुक्त ने वीसी के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

फोटोयुक्त मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को तेजी से शुरू करें, बीएलओ घर-घर जाकर देंखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की सहायक चुनाव आयुक्त हेमा शर्मा ने बुधवार को दोपहर बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारी को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य तत्परता के साथ शुरू करें। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा मतदाता वोटर आईडी बनवा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना कानूनी अपराध है। अतिरिक्त उपायुक्त और जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गत 25 जून से आगामी 4 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं सहायक रिटर्निंग अधिकारी 5 से 18 जुलाई 2024 तक मतदान केंद्रों के निरीक्षण का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।

खास बातें

- 27 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा
- 27 जुलाई से 9 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज होंगी
- 27 व 28 जुलाई और 3 व 4 अगस्त को स्पेशल कैंप आयोजित
- 19 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियों का निपटारा
- 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा

दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम गैर कानूनी

एडीसी ने बताया कि बीएलओ द्वारा वेरिफिकेशन के बाद दोहरे नामों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता भी यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम दो स्थानों पर अंकित न हो। दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना कानूनी अपराध है। इस संबंध में बीएलओ को गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

नए वोटर आईडी बनाने का कार्य होगा शुरू

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 27 जुलाई शनिवार व 28 जुलाई रविवार तथा 3 अगस्त शनिवार व 4 अगस्त रविवार को पोलिंग स्टेशन पर नए वोटर आईडी बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोटर आईडी बनाने के लिए फार्म-6 भरवाएंगे। इसके बाद 20 अगस्त 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

बीएलओ को सही जानकारी दें

डॉ. शर्मा ने जिले के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे बीएलओ को सही जानकारी दें और उनका सहयोग करें। त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना निर्धारित फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी 27 जुलाई को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन किया जाएगा। 27 जुलाई से 9 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। 27 व 28 जुलाई 2024 और 3 व 4 अगस्त 2024 को बीएलओ द्वारा स्पेशल कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करने उपरांत 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

पारदर्शी मतदाता सूची, पारदर्शी चुनाव का आधार

डॉ. शर्मा ने कहा कि पारदर्शी मतदाता सूची ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है जिसके तहत 01 जुलाई 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीम अंकित कुमार, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जीएमडीए सीईओ ए. श्रीनिवास ने की समीक्षा

कहा- हेल्पलाइन नंबरों पर आने वाली शिकायतों का करें समाधान

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. श्रीनिवास ने गुरुग्राम में लागू ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम स्वीप के तहत चल रहे

विशेष स्वच्छता अभियान की समीक्षा की। सेक्टर-44 स्थित जीएमडीए कार्यालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक में गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह सहित स्वीप के वार्ड इंचार्ज एचसीएस अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों से स्वच्छता अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद 30 जून को गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वार्ड इंचार्ज नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त हो। इसके लिए आवश्यकतानुसार मैनपावर व मशीनरी की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबरों पर आने वाली शिकायतों का समाधान सही ढंग से करें।

डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा कर रहे

निगमायुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने बताया कि स्वीप के तहत जारी विशेष स्वच्छता अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है। वार्ड इंचार्ज एचसीएस अधिकारी प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों का दौरा कर रहे हैं तथा स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति की जांच सहित डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने की व्यवस्था व अन्य वाहन व मशीनरी का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। वार्ड इंचार्ज प्रतिदिन सुबह 7 बजे तक सांय 3 बजे अपने-अपने क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गारबेज के साथ-साथ सीएंडडी वेस्ट का उठान भी प्रतिदिन किया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन 900 से 1000 टन सीएंडडी वेस्ट विभिन्न क्षेत्रों से उठाकर बसई स्थित प्लांट में भिजवाया जा रहा है।

गारबेज वर्नेबल प्वाइंट किए जा रहे साफ

निगमायुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में 89 स्थानों पर गारबेज वर्नेबल प्वाइंट बन गए थे, जिनमें से 23 को पूरी तरह से साफ करके खत्म किया जा चुका है तथा शेष स्थानों से नियमित कचरा उठान सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वच्छता टीमें दिन-रात सफाई के कार्य में जुटी हुई है। इसके साथ ही रैग-पिकर्स को भी व्यवस्था में शामिल किया जा रहा है। बैठक में वार्ड इंचार्ज एचसीएस अधिकारियों ने बताया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से गारबेज वर्नेबल प्वाइंटों की नियमित सफाई सुनिश्चित करवाने के साथ ही सड़कों, गलियों व अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई करवा रहे हैं।

वेस्ट से बेस्ट बनाने की मुहिम तेज

सौंदर्यीकरण हेतु उद्यान के साथ स्वास्थ्य की होगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम वेस्ट से बेस्ट बनाने की मुहिम को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उद्यान विभाग ने शहर में सिटी जोन अंतर्गत कंपनी बाग में वेस्ट-टू-वंडर पार्क विकसित करने के बाद पांचों जोन में पांच नए पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में दस पार्कों को वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि मानसून से पहले शहर के पार्कों में पौधरोपण तेजी से कराया जा रहा है। वहीं शहर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जन-जन को जागरुक करते हुए वेस्ट से बेस्ट बनाने का कार्य भी चल रहा है।

समस्त जोन में दो-दो पार्क वेस्ट-टू-वंडर पार्क के रूप में सुसज्जित किया जा रहे हैं। जिससे शहरवासियों को भी लाभ मिलेगा तथा अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए इन पार्कों को सुंदर बनाया जाएगा। वार्ड संख्या 52 मॉडल टाउन ईस्ट कर्नल टीपीएस त्यागी के आवास के सामने वाला पार्क, वार्ड संख्या 69 लोहिया नगर लाल क्वार्टर तीसा वाला पार्क आदि शामिल हैं।

पचास हजार रुपए महीने की रंगदारी मांगी

फार्म हाउस मालिक को दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने शुरू कर दी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव भतौला में एक फार्म हाउस मालिक से गांव के ही एक व्यक्ति ने हर महीने 50 हजार रुपए रंगदारी मांगी है। रुपए न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। थाना बीपीटीपी में दर्ज कराए गए मामले में सेक्टर-15ए निवासी महेश कुमार बजाज ने बताया कि उसने गांव भतौला सेक्टर-83 में फार्म हाउस बना रखा है।

22 जून को छत्रपाल नाम के व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ आकर यहां काम रुकवा रहा था। इसकी सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई तब आरोपी मौके पर से चला गया। दो दिन बाद लौटकर उसने कहा कि यह मेरा गांव है। यहां रहना है तो 50 हजार रुपए मासिक रंगदारी देनी होगी। नहीं तो मैं तेरी जमीन पर कब्जा कर लूंगा। इसके साथ ही उसने जान से मार देने की धमकी दी। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

5 दिन के भीतर कार्य योजना प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में बाढ़ नियंत्रण के कार्यों की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को पांच दिन में बाढ़ नियंत्रण की बेहतर कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी (वित्त) सौरभ भट्ट ने अवगत कराया गया कि जनपद में 1978 में अत्यधिक बाढ़ व वर्षा का प्रकोप रहा, यह बाढ़ यमुना 9.7 किमी व हिंडन नदी 57 किमी की दो नदियां से आई।

खास बातें

- बाढ़ नियंत्रण समिति सदस्यों को दिए निर्देश
- बाढ़ के खतरे व निपटने का करें आंकलन
- राहत एवं बचाव तल को करें तैयार
- बचाव उपकरणों व कंट्रोल रूम की व्यवस्था बनाएं

टीमों के गठन, पूर्व चेतावनी दल को करें तैयार

जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने उपस्थित सभी बाढ़ नियंत्रण समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 5 दिनों में बाढ़ के खतरे व निपटने की क्षमता का आंकलन, संस्थागत व्यवस्था, बचाव व न्यूनीकरण उपाय, पूर्व की तैयारियां जैसे बाढ़ में कार्यवाही करने वाले विभागों/स्टेकहोल्डर्स का चिन्हीकरण व उल्लेख, टीमों का गठन, पूर्व चेतावनी टीम/दल, राहत एवं खोज बचाव दल, प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व शरणालय प्रबंधन दल व क्षति आंकलन दल, उपकरण, कंट्रोल रूम, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर सुव्यवस्थित व बेहतर कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। बैठक में एसडीएम सदर, एसडीएम लोनी, सिंचाई विभाग, जिला पूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, परिवहन विभाग, जीडीए, पीडब्लूडी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यमुना नदी में 200.284 मीटर पर और हिंडन नदी पर 203.311 मीटर पर बाढ़ संकेत है और यमुना नदी में 205.33 मीटर (पुराना लोहे का पुल, सीडब्लूसी दिल्ली में) व हिंडन नदी में 205.080 मीटर (हिंडन बैराज) पर खतरे का संकेत है। यमुना के जल का स्त्रोत हिमालय की बर्फ पिघलने से है। इसका जल हथनीकुंड यमुनानगर, हरियाणा से डिस्चार्ज होता है जो 3 दिवस में ओखला बैराज पहुंचता है और हिंडन नदी का उद्गम स्थल प्राकृतिक नालों से होने वाले अपवाह (जनपद सहारनपुर) से होता है जो जनपद तक 2 दिवस में पहुंचता है।

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **करण वीर सिंह** पुत्र: **हेम सिंह चौहान निवासी:** बेदौरा सराय जगानन बहराइच सारी जगना, उ.प्र.–271902 है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 22 वर्ष, **कद:** 5'9'', **रंग:** गेंहुआ, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** मध्यम, जिसने टी–शर्ट, ट्रैक पैंट और पैरां में चप्पल पहनी है। जो कि म.नं. डी–32, तृतीय तल, 16–एजी ईस्ट, गुरू अंगद नगर, दिल्ली से दिनांक 21.06.2024 को सायं 7:00 बजे से लापता है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 31ए, दिनांक 22.06.2024 को थाना प्रीत विहार, दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
थानाध्यक्ष
थाना प्रीत विहार, दिल्ली
DP/7993/SD/2024 फोन नं.: 011-22509966, 8750870621

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात, उम्र:** 38 साल। जो 18.06.2024 को नेहरू नगर, लाजपत नगर, नई दिल्ली के फुट ओवर ब्रिज पर बेहोश पाया गया, **DD No. 77A, Dt 18.06.2024,** इस बाबत **थाना: ला जपत नगर, दिल्ली,** में दर्ज है। जिसे एम्स अस्पताल में डॉक्टरों ने 18.06.2024 को मृत घोषित कर दिया। **एमएलसी नं.** 4097/2024,, इसके मृत शरीर को पहचान के लिए एम्स अस्पताल मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है। **उम्र:** 35 साल, **कद:** 5'6'', **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **रंग:** गेहुँआ, **पहनावा:** ग्रे रंग की लाइनिंग वाली शर्ट और नीली जींस पांवो मे हवाई चप्पल और दाहिने हाथ में एक स्टील का कड़ा। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
थानाध्यक्ष
थाना: लाजपत नगर दिल्ली
DP/7878/SE/2024 फोन: 8750870927

योगी सरकार का बड़ा फैसला

750 करोड़ से अयोध्या में बनेगा विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय 25 एकड़ जमीन में टाटा संस के सीएआर फंड से होगा निर्माण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अयोध्या में 750 करोड़ से विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय (भारतीय मंदिर संग्रहालय) का निर्माण कराया जाएगा। इसमें भारतीय संस्कृति के उद्भव से लेकर आज तक की चीजों का संयोजन और संग्रह किया जाएगा। टाटा संस कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) फंड से इसका निर्माण कराएगा, जबकि पर्यटन विभाग की ओर से इसके लिए 25 एकड़ भूमि निशुल्क दी जाएगी। पर्यटन विभाग एक रुपए की लीज पर यह जमीन पहले 90 फिर 90 वर्ष के लिए देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में कैबिनेट में इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। प्रदेश में हाल के दिनों में धार्मिक पर्यटन काफी तेजी से बढ़ा है। यहां पर आने वाले पर्यटकों को रोकने और पर्यटन के अन्य स्रोत बढ़ाने पर पर्यटन विभाग काम कर रहा है। इसी क्रम में उसकी तरफ से भारतीय मंदिर संग्रहालय की कार्य योजना तैयार की गई है।

खास बातें

- भारतीय संस्कृति के उद्गम से लेकर आधुनिक संस्कृति तक की जानकारी
- प्रदेश के अन्य स्थलों के पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा
- विश्व भर में मंदिरों के प्रकार, आकार, उनके आधुनिक स्वरूप का होगा दर्शन



मंदिर और पूजा से जुड़ी जानकारी व चीजें होंगी

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि संग्रहालय में मंदिर का पूरा स्वरूप, दर्शन, पौराणिक काल में उसकी संकल्पना, पूजा क्या है? मंदिर कैसे बना, इसका वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसके बारे में प्रामाणिक जानकारी होगी। साथ ही विश्व भर में मंदिरों के प्रकार, आकार, उनके आधुनिक स्वरूप को भी दिखाया जाएगा।

राम की पैड़ी से गुप्तार घाट की जमीन पर बनाया जाएगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मंदिर संग्रहालय में भारतीय संस्कृति के उद्गम से लेकर आधुनिक संस्कृति तक के बारे में एक जगह पर जानकारी होगी। इसमें वेद, रामायण, मंदिर-पूजा पद्धति से जुड़ी प्रामाणिक चीजें, उनके उद्भव, संस्कृति, इसके लाभ आदि के बारे में विस्तृत तरीके से जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें जहां पौराणिक जानकारी होगी, वहीं उनका आधुनिक वर्जन भी होगा। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी से गुप्तार घाट के पास इसके लिए 25 एकड़ जमीन टाटा को दी जाएगी।

राजस्व व रोजगार के अवसर पैदा होंगे

टाटा संस सीएसआर फंड से 650 करोड़ आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं पर खर्च करेगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं, विदेशी पर्यटकों, भारतीय संस्कृति और सभ्यता में रुचि रखने वालों अन्य पर्यटकों को आकर्षित करेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण से न सिर्फ अयोध्या बल्कि प्रदेश के अन्य स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश में राजस्व व रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

पीपीपी मोड पर बनेंगे हेलीपैड

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार राज्य के मुख्य पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बढ़ा रही है। हेलीकॉप्टर सेवा से भी विभिन्न पर्यटन स्थलों को जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में आगरा व मथुरा के बाद अब लखनऊ, प्रयागराज व कपिलवस्तु स्थित हैलीपैड को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी मोड) पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित कराया जाएगा। इसके लिए आरएफपी सहित निविदा संबंधी अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी।

खबर संक्षेप

दो अपराधी गिरफ्तार हथियार-नकदी बरामद

बेगूसराय। बेगूसराय एसपी मनीष कुमार ने बताया कि बीती रात साहेबपुरकमाल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि विष्णुपुर आहोक पंचायत के रजौड़ा गांव में सुभाष सहनी के घर में कुछ अपराधी छिपे हुए हैं। पुलिस द्वारा छापामारी की गई तो 42 किलो गांजा, 65 लीटर विदेशी शराब, एक लाख 18 हजार 40 रुपए नकदी और एक देशी कट्टा, 14 गोलियों के साथ दो तस्कर को धर दबोचा।

अयोध्या में भारी बारिश घरों में घुसा पानी

लखनऊ। यूपी में मंगलवार-बुधवार की रात मानसून प्रवेश कर गया। अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक जोरदार बारिश हुई। अयोध्या में बुधवार सुबह 4 बजे हुई भारी बारिश से कई क्षेत्रों में जल भराव से हो गया। कई घरों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। राम जन्मभूमि से 200 मीटर दूरी पर स्थित कॉलोनी में 2 दर्जन से अधिक घरों में घुटने तक पानी भर गया।

योगी सरकार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उप्र संशोधन) अध्यादेश 2024 के प्रारूप को दी मंजूरी

महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति, अग्रिम जमानत नहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 में किए गए प्रावधानों को देखते हुए उप्र राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों के मद्देनगजर यूपी सरकार अध्यादेश लेकर आई है। कैबिनेट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल की सहमति के बाद गृह विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा।

प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी। केंद्र सरकार के नए आपराधिक कानूनों में अग्रिम जमानत के प्रावधानों के दृष्टिगत राज्य सरकार संशोधन अध्यादेश लेकर आई है। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल की सहमति के बाद गृह विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति की अग्रिम जमानत मंजूर करने के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 में प्रावधान किए गए हैं। इसमें उप्र राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों के दृष्टिगत संशोधन किया जाना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार अध्यादेश लेकर आई है।

खास बातें

- अध्यादेश में देश अथवा सरकार विरोधी गतिविधियां भी शामिल
- मृत्युदंड की सजा वाले मामले में अग्रिम जमानत नहीं

साक्ष्यों का जल्द संकलन होगा

अग्रिम जमानत नहीं मिलने से यौन अपराधों की विवेचना और जैविक व वैज्ञानिक साक्ष्यों का जल्द संकलन किया जा सकेगा। इसके अलावा पीड़ित अथवा पीड़िता के भय, दबाव आदि की संभावना का निराकरण भी हो सकेगा। इसके तहत पॉक्सो अधिनियम, बलात्कार से संबंधित धारा 64, 65, 66, 68, 69, 70 व 71 के मामले भी शामिल किए गए हैं।

संगठित अपराध भी दायरे में

अध्यादेश में देश अथवा सरकार विरोधी गतिविधियों (यूएपीए एक्ट), अवैध धर्मांतरण, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध, ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट को भी शामिल किया गया है।

इन कानूनों में भी नहीं मिलेगी अग्रिम जमानत

- विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम
- स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम
- शासकीय गुप्त बात अधिनियम
- उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम
- उप्र विधि विरुद्ध धर्म

ओल्ड पेंशन स्कीम योजना को दी मंजूरी

प्रदेश में 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। कैबिनेट ने इस संबंध में लाए गए प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इससे करीब 50 हजार शिक्षक लाभांवित होंगे। प्रस्ताव के अनुसार ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई है, लेकिन नियुक्ति के लिए पद का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का एक बार विकल्प उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। यह प्रावधान राज्य सरकार के कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया। केंद्र सरकार इस तरह के कर्मियों को पहले ही यह सुविधा दे चुकी है।

सीएम ने बिरला का आभार जताया, कहा-

कांग्रेस के काले कारनामे को जनता तक पहुंचाना जरूरी

- कांग्रेस में भले ही चेहरे बदले हो लेकिन उसका चरित्र अधिनायकवादी, तानाशाही
- कांग्रेस को लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी ने बुधवार को सरकारी आवास पर पत्रकारों से कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आपातकाल के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया है। मैं इस प्रयास के लिए बिरला का हृदय से अभिनंदन करता हूं। सभी सांसदों को बधाई और प्रस्ताव के लिए आभार प्रकट करता हूं। 25 जून 1975 को कांग्रेस की सरकार ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में उस संविधान का गला घोंटने का कार्य किया था, जिसकी शपथ लेकर वह देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। यह न संविधान का गला घोंटने बल्कि एक प्रकार से लोकतंत्र की हत्या करने का भी था।

संविधान के नाम पर गुमराह किया

सीएम योगी ने कहा कि 50 वर्ष बीतने के बाद कांग्रेस के इस काले कारनामे को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है और भारत की संसद ने वही कार्य किया है। सीएम ने बिना नाम लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर संकेत करते हुए कहा कि कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व जिस तरह संविधान के नाम पर, आरक्षण समाप्त करने के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर रहा था, इसके लिए उनके काले कारनामों से देश की जनता को अवगत कराना जरूरी है। योगी ने कहा कि कांग्रेस में भले ही चेहरे बदले हो लेकिन उसका चरित्र अधिनायकवादी, तानाशाही है, लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उसका विश्वास नहीं है।

संसद की गरिमा नई ऊंचाइयों पर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा सांसद ओम बिरला को बधाई दी और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में संसद की गरिमा नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगी। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने बधाई संदेश में कहा कि जनप्रिय, मृदुभाषी राजनेता ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर हृदयतल से बधाई!

पेज एक का शेष...

18वीं लोक सभा...

अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके बाद, महताब ने बिरला को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने और सदन की कार्यवाही संचालित करने के लिए आमंत्रित किया। सदन के नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को संबोधित किया और बिरला को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्रियों, दलों के नेताओं और अन्य सांसदों ने बिरला को लोक सभा अध्यक्ष के रूप में उनके ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन के लिए बधाई दी।

पहली बार...

लेकिन पूर्व-नियोजित गतिरोध नहीं होना चाहिए। संसद में विरोध और सड़क पर विरोध में अंतर तो होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद में सदस्यों का आचरण शालीन हो, स्वस्थ वातावरण में सार्थक संवाद हो। उन्होंने आगे कहा कि सदन को चलाने के लिए सभी पक्षों की सहमति और सबका सहयोग जरूरी है।

बिरला ने की आपातकाल ...

ने आपातकाल में आहत हुए देश के नागरिकों को स्मरण करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

मत विभाजन नहीं होने...

नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को ध्वनिमत से पेश किए जाने पर कई सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की। लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने इसकी अनुमति नहीं दी। मत विभाजन की अनुमति इसलिए नहीं दी गई, क्योंकि राजग के पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने दावा किया कि विपक्ष के कम से कम आठ सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री और लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष ने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं बनाया, क्योंकि उनके पास संख्या बल की कमी है। पासवान ने कहा, राजग मजबूत है। विपक्ष को डरना नहीं चाहिए। हमारे संपर्क में रहने वाले उनके सांसद मत विभाजन होने पर ओम बिरला के पक्ष में मतदान कर सकते थे।

बदले वीजा नियमों...

परमिट में बदल दिया जाता था। छात्रों के बीच विजिटर वीजा से वर्क परमिट की यह प्रक्रिया काफी प्रचलित थी। लेकिन अलग-अलग कारणों की वजह से कनाडा के प्रशासन ने यह सुविधा वापस ले ली है। यहां बता दें कि इस साल की शुरुआत में कनाडाई सरकार ने गारंटीड इन्वेस्टमेंट सर्टिफिकेट शुल्क को भी दोगुना कर दिया है। इसके अलावा परास्नातक के अलावा स्नातक छात्रों को भी वर्क परमिट देने से इंकार कर दिया है। इन कारणों की वजह से भारतीय छात्र अध्ययन के लिए अब बाकी देशों की ओर जा रहे हैं।

अक्टूबर-दिसंबर 2023 में आई गिरावट: अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से पिछले साल अगस्त तक भारतीय छात्रों में कनाडा अध्ययन का एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र था। लेकिन इसके बाद साल की अंतिम तिमाही यानी अक्टूबर से दिसंबर तक आते-आते कनाडा द्वारा भारत के छात्रों को जारी किए जाने वाले वर्क परमिट में 86 फीसदी से गिरावट देखने को मिली है। भारत में कनाडा जाने वाले छात्रों में सबसे ज्यादा पंजाब से हैं।

जयशंकर ने म्यांमार...

यह पहला ऐसा मौका है। जब भारत या उसकी तरफ से विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने म्यांमार के सैन्य शासन (जुंटा) के साथ सार्वजनिक रूप से मुलाकात की है। वहां सैन्य जुंटा और रेजिस्टेंस फोर्स के बीच में संघर्ष जारी है। इसके चलते कई जिलों में भयंकर हिंसा के साथ तनाव पसरा हुआ है। म्यांमार के उप प्रधानमंत्री किसी विदेश यात्रा से म्यांमार लौटते वक्त राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मिले। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होने यह जानकारी दी।

भारतीय परियोजनाओं के लिए मांगा संरक्षण: जयशंकर ने बताया कि इस बातचीत में मैंने, म्यांमार के उप प्रधानमंत्री के समक्ष उनके देश में चल रही हमारी कुछ परियोजनाओं के लिए विश्वसनीय सुरक्षा संरक्षण के लिए दबाव डाला। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थों, हथियारों की तस्करी और मानव तस्करी को प्राथमिकता वाली चुनौतियों के रूप में चिन्हित किया। म्यांमार के चिंताजनक हालातों का प्रत्यक्ष रूप से भारत के पूर्वोत्तरी राज्यों मणिपुर और मिजोरम पर प्रभाव पड़ रहा है।

केन्या में हिंसक...

उधर, भारतीय उच्चायोग ने अपने परामर्श में यह भी कहा है कि भारतीय नागरिक जमीनी स्थिति से हमेशा जुड़े रहने के लिए स्थानीय समाचार चैनलों पर कड़ी नजर बनाए रखें। इसके अलावा भारतीय दूतावास, मिशन की वेबसाइट और उनके सोशल मीडिया हैंडल को भी फॉलो करें। इसकी मदद से उन्हें जरूरी अपडेट मिलते रहेंगे।

डीआरडीओ ने नौसेना...

संगठन की जोधपुर प्रयोगशाला की टीम को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। एडमिरल वशिष्ठ ने भी डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना की।

यूं कारगर साबित होगी तकनीक: मंत्रालय ने बताया कि यह एक ऐसी तकनीक है। जो कि रडार के संकेतों को अस्पष्ट करती है। नौसेना के विभिन्न प्लेटफार्मों के चारों तरफ माइक्रोवेव शील्ड बनाती है। जिससे उनकी रडार की पकड़ में आने की संभावना घटती है। चैफ रॉकेट के निर्माण में कुछ माइक्रोन के व्यास और अद्वितीय माइक्रोवेव गुणों के साथ विशेष प्रकार के फाइबर का इस्तेमाल किया जाता है। इसे दागे जाने के समय पर पर्याप्त समय के लिए संबंधित क्षेत्र में फैले अंतरिक्ष में माइक्रोवेव अस्पष्ट बादल बनाता है। इस तरह से रेडियो फ्रीक्वेंसी पकड़ने वाले शत्रुओं के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच का निर्माण होता है। इस तकनीक के पहले चरण के परीक्षण नौसेना के जहाजों से सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। जिनमें एमओसी क्लाउड खिला रहा और अंतरिक्ष में लगातार बना रहा। जबकि दूसरे चरण में रडार क्रॉस सेक्शन द्वारा हवाई लक्ष्य को 90 फीसदी तक कम करने का प्रदर्शन किया गया है। नौसेना की ओर से इसे मंजूरी दे दी गई है।

कोच्चि में शुरू हुआ ...

व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल है। सऊदी नौसेना के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण भारतीय नौसेना के 107 एकीकृत अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं के साथ किया जा रहा है। इससे दोनों पक्षों के बीच सौहार्द और आपसी समझ को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि सऊदी अरब के नौसेनाध्यक्ष एडमिरल अल-घोफैली ने 24 जनवरी को भारत की यात्रा के दौरान नौसेना की दक्षिणी कमांड की यात्रा की थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय प्रशिक्षण सहयोग दीर्घकालिक मित्रता और साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले

हमारी सरकार अपराधी का एनकाउंटर करती है, यह राजद का शासनकाल नहीं

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में पत्रकार हत्याकांड के बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा मुजफ्फरपुर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कार्रवाई करने वाली सरकार हत्या है। अब अपराधी को संरक्षण देने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। अपराधियों का एनकाउंटर होगा। बिहार में इसकी शुरुआत मुजफ्फरपुर से हुई है। एनडीए में अपराधी बचेंगे नहीं। यह मुजफ्फरपुर की धरती है। अपराधी का एनकाउंटर करती है और यह गूंज अपराधी के कानों तक सुनाई देती है। यह राजद का शासनकाल नहीं है।

एसआईटी गठित होगी

पत्रकार हत्याकांड के बारे में उन्होंने कहा कि पुलिस को इस मामले में अवगत कराया गया है। इसके साथ ही इस मामले में एसआईटी का गठन किया जाएगा। हत्या के मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है और ऐसे लोगों को किसी भी तरह से बक्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई को लेकर के सूबे में इस बात का संदेश गया है कि बिहार में अब ऐसे अपराधी पकड़े नहीं बल्कि एनकाउंटर किए जाते हैं।

सीएम चंपई सोरेन ने दी चेतावनी

मादक पदार्थों का उत्पादन व तस्करी करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य झारखंड को मादक पदार्थ से मुक्त राज्य बनाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि मादक पदार्थों के उत्पादन और इसकी तस्करी में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। सोरेन ने कहा कि छात्र व युवा राज्य और देश का भविष्य हैं। मादक पदार्थों के तस्कर उन्हें निशाना बनाते हैं और उन्हें नशे के जाल में फंसाते हैं। इससे न केवल युवाओं का भविष्य बर्बाद होता है, बल्कि राज्य और देश का भविष्य भी बर्बाद होता है। हमें झारखंड को मादक पदार्थों से मुक्त बनाने का संकल्प लेना होगा। सीएम मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता अभियान के समापन समारोह में बोल रहे थे। मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान 19 जून को शुरू हुआ था।

युवा सूचना दें

सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार मादक पदार्थों की तस्करी और इसका उत्पादन करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सीएम ने मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की और इसे झारखंड जैसे राज्य के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि यदि उन्हें राज्य के किसी भी हिस्से में मादक पदार्थों के उत्पादन का पता चले तो वे प्रशासन को सूचित करें। एक अधिकारी ने बताया कि झारखंड में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के आरोप में 164 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2024 के शुरुआती पांच महीनों में 20 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की ऐसी सामग्री जब्त की गई।

एम्स नई दिल्ली की फिजियोथेरेपिस्ट एवं एनाटॉमिस्ट डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया

कोल्ड चेंबर में इंसान का दिमाग छह महीने तक रहेगा सुरक्षित, एम्स में पांच दिमाग पर किया परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

मृत्यु के बाद मनुष्य का दिमाग छह महीने तक सुरक्षित रखा जा सकता है। यह तथ्य नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हुए परीक्षण से साबित हुआ है। एम्स को पांच इंसानी दिमागों को सुरक्षित रखने में कामयाबी मिली है। इस नए शोध से मेडिकल, खासकर न्यूरो सर्जरी के छात्रों का कौशल बढ़ाने में मदद मिल सकती है। बीएचयू में आयोजित 'काशी फिजिकॉन' में भाग लेने आईं एम्स, नई दिल्ली के ट्रामा सेंटर में फिजियोथेरेपिस्ट एवं एनाटॉमिस्ट डॉ. दीक्षा शर्मा ने दिमाग को लेकर चल रहे परीक्षण की जानकारी दी।

खास बातें

- एम्स की आचार समिति ने दी अनुमति
- माइनस 4 डिग्री के तापमान में रखा जाता है
- फर्मलीन सहित कई केमिकल लगाए जाते हैं
- सात दिनों में ठोस हो जाता है

पांच साल का है प्रोजेक्ट



डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों में अभी डेड बॉडी से छात्रों को शरीर संरचना के बारे में पढ़ाया जाता है। वहीं, न्यूरो सर्जरी विभाग में एमडी/एमएस में प्रवेश लेने वाले छात्रों का अध्ययन या न्यूरो सर्जन को नई तकनीक की जानकारी देने की बात, सब कुछ वर्चुअल दिमाग के माध्यम से होता है। ऐसे में वास्तविक दिमाग पर सर्जरी की स्थिति में भावी डॉक्टरों को समस्या होती है। इसे देखते हुए उन्होंने ने इंसानी दिमाग पर अध्ययन करना शुरू किया। एम्स की आचार समिति ने इसकी अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि यह पांच साल का प्रोजेक्ट है। हम लोगों ने कोल्ड चेंबर में पांच दिमाग सुरक्षित रखे हैं। इससे न्यूरो सर्जन रियल ब्रेन पर प्रशिक्षण ले सकेंगे।

24 घंटे के अंदर निकाल लेते हैं दिमाग

डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि किसी की मृत्यु होने के बाद 24 घंटे के अंदर उसका दिमाग निकाल लेते हैं। मनुष्य के मस्तिष्क से दिमाग लिक्विड फार्म में निकाला जाता है। उसे कोल्ड चेंबर में माइनस चार डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान में रखा जाता है। दिमाग खराब न हो, इसके लिए फर्मलीन सहित कई केमिकल लगाए जाते हैं। वह सात दिनों के प्रॉसेस में ठोस रूप में आ जाता है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे से ज्यादा समय की डेड बॉडी है तो उसका दिमाग सुरक्षित रखने में कई तरह की दिक्कतें आती हैं।

डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत

मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?

-नीरज, रोहतक

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।

-अनुज, धमतरी

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-राजन, रायपुर

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।

-सदानंद, भोपाल

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-चेतन, डोंगरगढ़

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?

-मंजीत, बिलासपुर

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

अवेयरनेस

रेखा देशराज

विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम



इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक

तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।

यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

बचाव का तरीका

युवाओं को डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

सेल्फ ट्रीटमेंट

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान



हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मज़बूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

प्रस्तुतिःसंध्या रानी

हर्बल जोन

कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी

जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

क्या है जल ब्राह्मी: इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इसमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

त्वचा का रखवाला: गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

कई रोगों में कारगर: गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * -एफएमएन

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल

कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्सट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

लापरवाही है मुख्य वजहः बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

पुदीना-सौंफ-मूलीः अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।

ये भी हैं फायदेमंदः टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों का हुआ सम्मान

कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर की संविधान की हत्या: सबनानी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि सच यह है कि कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। जब 1975 में आज ही के दिन रात को 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी, उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां पर मौजूद थीं। तब सोनिया गांधी ने संविधान बचाने की बात नहीं की, लेकिन कल जब संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को कोई खतरा नहीं है। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं लोकतंत्र सेनानी संघ (मीसाबंदी) के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने भी संबोधित किया।

आपातकाल में न कोई अपील चलती थी, न दलील

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि संविधान की हत्या कर कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाई थी। उस समय न कोई अपील चलती थी न कोई दलील। आपातकाल के दौरान भोपाल समेत प्रदेश भर के लोगों को जबरन जेलों में डाला गया और चौथे स्तंभ पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई खबर कलेक्टर या अन्य अधिकारी के देखे बगैर नहीं प्रकाशित हो सकती थी। आज भोपाल के साथ प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों सहित संभागीय कार्यालयों में मीसाबंदियों का सम्मान किया गया।

लोकतंत्र की सफेद चादर पर काला दाग था आपातकाल: हितानंद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद ने आपातकाल की बरसी पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 'आपातकाल-लोकतंत्र का काला दिन' विषय पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक इतिहास में महापाप करने का दुस्साहस कांग्रेस ने किया था। 1975 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू करके संविधान का गला घोंटने के साथ लोकतंत्र को कलंकित करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो संविधान की रक्षा का दायित्व निभा रहे हैं।

नहीं भुलाया जा सकता 1975 से 1977 के बीच का भयावह दौर

हितानंद ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आज समाज में भ्रम फैला रही है कि संविधान खतरे में है, जबकि संविधान को आपातकाल लागू करके कांग्रेस ने ही खतरे में डाला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान की रक्षा कर रहे हैं। वर्ष 1975 से 1977 के बीच देश की जनता ने जो भयावह दौर देखा, उसे भुलाया नहीं जा सकता। आपातकाल के निरंकुश अत्याचारों ने देश की आत्मा को कभी न भरने वाले गहरे घाव दिए हैं। कांग्रेस की क्रूरता को आप सभी युवा जानें और उन लोगों को भी बताएं, जिन्होंने आपातकाल में इनकी तानाशाही को नहीं देखा।

सत्ता हाथ से फिसलते ही लगाया था आपातकाल

वैभव पंवार ने कहा कि सत्ता को अपने हाथ से फिसलता देख इंदिरा गांधी ने आपातकाल की बिसात रची। कांग्रेस के निरंकुश सत्ताधीशों ने अपने आपको सत्ता में बनाए रखने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा। जिस देश के नागरिकों को स्वतंत्र कराने के लिए असंख्य सेनानियों ने शताब्दियों तक संघर्ष कर अपने तन-मन-प्राण को आहूत किया, उस देश की जनता को कांग्रेस ने अपनी सत्ता लोलुपता के चलते आपातकाल से बंधक बनाया।

छिंदवाड़ा जिले की भारिया जनजाति को मिलेगा पीएम-जनमन योजना का लाभ: सीएम डॉ. यादव

कोदो, कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगा उपार्जन, जनजातीय कृषकों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि भवन दिल्ली में सौजन्य भेंट कर उनके मंत्रालयों से संबंधित प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीअन्न को प्रोत्साहन देने के आह्वान पर मप्र में उत्पादित कोदो और कुटकी को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के अनुरोध किया, जिससे प्रदेश के जनजातीय कृषकों को विशेष लाभ मिल सके। उन्होंने कोदो और कुटकी का रागी के बराबर न्यूनतम समर्थन मूल्य 4290 रुपए देने का अनुरोध किया, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का बंपर उत्पादन हुआ है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से समर्थन मूल्य पर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के लक्ष्य की सीमा को बढ़ाए जाने का भी अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने उचित विचार करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने सुझाव दिया कि मप्र में दलहन और तिलहन फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन किया जाए, जिससे देश की खाद्यान्न सुरक्षा मजबूत हो सके।

- ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने की केंद्रीय मंत्री चौहान से भेंट

छिंदवाड़ा जिले को पीएम-जनमन योजना में शामिल किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएम-जनमन योजना में मप्र के छिंदवाड़ा जिले को शामिल नहीं किया गया है। यहां निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया पीएम-जनमन योजना के लाभ से वंचित है। मुख्यमंत्री ने इस जनजाति के विकास के लिए छिंदवाड़ा जिले को पीएम-जनमन योजना में शामिल करने का अनुरोध किया, जिससे इन्हें आवास और सड़क की सुविधा सुगमता से मिल सके। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस प्रकरण में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

प्रेशराइज्ड पाइप से खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नहर से सिंचाई व्यवस्था के स्थान पर प्रेशराइज्ड पाइप से खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 'मोर क्रॉप, पर ड्रॉप' के संकल्प पर काम करते हुए मप्र इस प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई व्यवस्था में अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रेशराइज्ड पाइप के आउटलेट्स पर ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर व्यवस्था लगाने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मिलने से किसानों को और अधिक फायदा होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्रीने केंद्रीय कृषि मंत्री से ड्रिप इरीगेशन और स्प्रिंकलर व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश के लक्षित क्षेत्रफल को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय मंत्री शाह को दिया निमंत्रण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की शुरुआत इंदौर जिले में 51 लाख पेड़ लगाने से की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय गृह मंत्री शाह को मध्यप्रदेश आने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से सौजन्य भेंट की।

निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत भेलवाटिकरा संबलपुरी मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

उन्होंने रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्य को भी देखा। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आसपास के 29 गांवों में जलापूर्ति के लिए यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। साव ने कार्यस्थल पर अधिकारियों से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यविधि की जानकारी ली।

एसबीआई बैंक में लगी भीषण भीषण आग

कोरबा। कोरबा में एसबीआई कर्मी की लापरवाही से भीषण आगजनी हो गई। यहां काम के बाद कर्मी एसी ऑफ करना भूल गए, जिससे बढ़ती गर्मी ने शार्ट सर्किट करा दिया जिससे यहां भीषण आग लग गई। दरअसल, मंगलवार देर रात करीब सवा 12 बजे घंटाघर चौक के पास निहारिका क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कार्यालय में आग लग गई, जिसके बाद आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजेंद्र** पुत्र रामबीर निवासी हाउस ऑफ अजीत बिल्डर हर्ष विहार दिल्ली।, ने एफ आई आर नं. 862/2016 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राजेंद्र** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेंद्र एफ आई आर नं. 862/2016 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली न्यायालय** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री दीपाक्षी राणा
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट 03, -(शाहदरा)
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8204/NE/2024

दिनदहाड़े चाकू से गोदकर छात्रा की हत्या, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

गौरेला थाना क्षेत्र के रिहायशी क्षेत्र के स्टेट बैंक के सामने हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के गौरेला में दिन दहाड़े एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है, जिसमें एक कॉलेज छात्रा की दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई है। फिलहाल घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुचकर आरोपी की तलाश में जुट गई है। पूरे घटना का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें आरोपी बेरहमी से युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर रहा है और उसके बाद काफी समय तो वहां पर खड़ा रहा और फिर बाइक से फरार हो गया।

मामला गौरेला थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके स्टेट बैंक के सामने का है जहां पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब काम की तलाश में पास के गांव झगराखाड की रहने वाली रंजना यादव अपने एक रिश्तेदार के साथ गौरेला पहुंची। उसका भाई स्कूटी में बैठा था और रंजना यादव बगल में खड़ी थी तभी अचानक एक युवक मुह में गमछा बांधे वहां पहुंचा पहले तो वो कुछ-कुछ बात किया फिर अचानक अपने पास से चाकू जैसा धारदार हथियार निकाला और रंजना पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे रंजना वहीं गिर गई और मौत हो गई।

वारदात के बाद आरोपी युवक पहले तो कुछ समय वहां पर खड़ा रहा फिर वह चाकू को अपने कपड़े से पोछा और चाकू को अपने बाइक के डिक्की में डालकर वहां से चला गया। मृतका रंजना यादव गौरेला के झगराखांड गांव की रहने वाली थी और कॉलेज की छात्रा है और ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही थी साथ ही अच्छी नौकरी की तलाश में थी।

लोगों की सूचना पर गौरेला पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। बहरहाल दिन दहाड़े व्यस्त सड़क पर धारदार हथियार से युवती की हत्या की वारदात से पुलिस पर सवालिया निशान उठना लाजमी है।

बदमाश ने दो लोगों को मारी गोली अस्पताल में कराया गया भर्ती

दुर्ग-भिलाई। दुर्ग में एक बदमाश ने पुलिस कंट्रोल रूम से महज कुछ ही दूरी पर पिस्टल से दो लोगों को गोली मार दी और फरार हो गया। गोली लगाने से दो घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज गया, जहां से रायपुर रेफर कर दिया गया है। पूरा मामला भिलाई नगर थाना के ग्लोब चौक का है, जहां तीन युवक देर रात करीब 2 बजे सरगुजा जिले विश्रामपुर के रहने वाले हैं, जो आपस में गाली-गलौज करते हुए अपने बाइक से जा रहे थे। इसी बीच पीछे से बदमाश अमित जोश अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे पहुंचा। और उनसे झगड़ने लगा। जिसके बाद अमित जोश ने अपने जेब से पिस्टल निकाली और दो लोगों पर फायर कर दिया। दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं। पुलिस इस पूरे मामले पर सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ अमित जोश की तलाश कर रही है।

दो बालअपचारी कोरबा के रिसदी स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में चोरी और मारपीट के मामले में दो बालअपचारी कोरबा के रिसदी स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार हो गए। पड़ोसी जिला नवागढ़ और बलौदा बाजार जिले के रहने वाले यह दोनों अपचारी काफी समय से यहां थे। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के लिए लगाए गए होमगार्ड पुरुषोत्तम कुमार को चकमा देकर यह दोनों यहां से भाग निकले। इस घटना के बाद बालगृह में हड़कप मच गया और इसकी सूचना महिला बाल विकास विभाग और सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई।

विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों में भूमिका निभाने वाले नाबालिकों को जेल के बजाय संप्रेषण गृह में रखने की व्यवस्था की गई है।

गुमशुदा की तलाश

सालिग राम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः सालिग राम पुत्र** श्री धल्ला राम **निवासी** ए–14/ए मानक विहार, तिहाड़ गांव, दिल्ली, **उम्रः** 72 वर्ष, जो कि अपने घर से 13.06.2024, प्रातः 6.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं. 60ए, दिनांक 15.06.2024** के तहत **पुलिस स्टेशन हरी नगर, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया। उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–

रंगः सांवला, **कदः 5'8"**, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मज़बूत, **बालः** सफेद, **पहनावाः** हल्के सफेद रंग का कुर्ता पाजामा और पैरों में चप्पल पहने हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरूष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन हरी नगर, दिल्ली
वेबसाइटः http://cbi.nic.in
फोनः 011-28125719, मोबा.: 8750871128
DP/8115/WD/2024

प्रदेश के 10 कॉलेजों में 3 से 4 महीने के शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरू होंगे

बरकतउल्ला विवि सहित पांच विश्वविद्यालयों में शुरू होंगे एविएशन कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

राजधानी के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों में अब एवीऐशन कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के 10 कॉलेजों में 3 से 4 महीने के शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरू होंगे। यह कोर्स एवीएशन से जुड़े अन्य प्रकल्पों से संबंधित होंगे। इसके लिए मंगलवार को यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट में पास हुआ है। इसके अनुसार कुछ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विमानन संबंधित रोजगार पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

विवि और कॉलेजों में 4 माह के एयरलाइन कैबिन क्रू और फ्लाइट डिस्पैचर कोर्सेज भी शुरू करने की योजना तैयार

बीयू और डीएवीवी में चार वर्षीय बीबीए कोर्स शुरू होंगे

बीयू, डीएएवीवी इंदौर, जीवाजी विवि ग्वालियर, विक्रम विवि उज्जैन और रानी दुर्गावती विवि जबलपुर में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन) कोर्स शुरू होंगे। बीयू भोपाल और डीएवीवी इंदौर में 4 वर्षीय बीबीए (एविएशन मैनेजमेंट) कोर्स शुरू होगा।

निर्देशों का पालन किया जाएगा

एवीएशन में डिग्री के साथ अन्य डिप्लोमा और अन्य सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे। यह बहुत अच्छी शुरुआत है, जिससे सभी विद्यार्थियों को रोजगार और करियर के लिए नए और बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। इसके लिए सरकार से जो दिशा निर्देश मिलेंगे, उनका पालन किया जाएगा।
प्रो. एसके जैन, कुलपति, बीयू, भोपाल

सीपीएल से संचालित संस्थान से अनुबंध होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में विमानन संबंधित कई रोजगारपरक नए संकाय और कोर्स शुरू किए जाएंगे। देवी अहिल्या विवि इंदौर और विक्रम विवि उज्जैन में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन एवं सीपीएल) डिग्री कोर्स संचालित होगा। प्रदेश के सभी 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स शुरू किए जाने हैं, जिनमें से अभी 10 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 4 वर्षीय बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स शुरू होगा।

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **लिंगः** पुरूष, उम्रः लगभग 35 साल **कदः** 5फीट, 6इंच **रंगः** काला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** नीले रंग का लोअर पहने हुए है, **बरामदी स्थलः** जो शनी मन्दिर, बुद्ध विहार, मेन कंझावला रोड, दिल्ली के पास दिनांक 22.06.2024 को नृत पाया गया। इस संदर्भ में **DD NO 97A दिनांक : 22.06.2024,** थानाः विजय नगर, दिल्ली–110068 में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना : विजय नगर, दिल्ली
फोन : 011-27521294, 27521295
DP/8216/RD/2024

चिंतन

अबकी बार लोकसभा में बिरला की कठिन परीक्षा

ओम बिरला ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। विपक्ष ने कोडिकुन्नील सुरेश को अपना उम्मीदवार जरूर खड़ा किया था, पर वोटिंग के लिए जोर नहीं दिया। यह विपक्ष का प्रतीकात्मक तरीका रहा। बिरला की यह दूसरी पारी है। मोदी सरकार 2.0 के समय भी वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक ओम बिरला ही लोकसभा अध्यक्ष रहे। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पहली बार मोदी की सरकार बनी थी, तो सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं। पहली बार है जब भाजपा नीत राजग सरकार में कोई नेता लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बना हो। इस बार लोकसभा का नजारा बदला हुआ है। भाजपा अपने दम पर बहुमत में नहीं है, राजग बहुमत में है, विपक्ष के रूप में इंडिया ब्लॉक मजबूत है, इसलिए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निम्न सदन में ओम बिरला की कार्यकुशलता की असली परीक्षा होगी। सत्ता पक्ष पर सदन में विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप लगते रहे हैं। ओम बिरला के पहले कार्यकाल में राहुल गांधी समेत करीब 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया गया था, राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य ठहराया गया था, हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राहुल की सांसदी फिर बहाल कर दी गई थी। इस पूरी प्रक्रिया में ओम बिरला पर सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के आरोप कई बार लगे। जबकि लोकसभा अध्यक्ष का पद और कार्यक्षेत्र दलगत राजनीति से ऊपर होता है। 18वीं लोकसभा में 99 सीटों के साथ सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस है, सो कांग्रेस के खाते में सदन में नेता विपक्ष का पद है। कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनाया है, राहुल को इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों का समर्थन भी प्राप्त है, हालांकि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सुर तल्ख हैं, पर विरोध में नहीं है। वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में कांग्रेस के पास इतनी सीटें नहीं थीं कि वह नेता प्रतिपक्ष पद की पात्रता को पूरा कर पाती, इसलिए दोनों ही कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही रहा। भारतीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष को बहुत अधिक संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, इसलिए अब राजग के लिए कोई भी फैसला लेना आसान नहीं होगा, ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जिम्मेदारी बढ़ेगी, सदन को चलाने में अधिक सहनशीलता का परिचय देना होगा, विपक्षी सांसदों के प्रति नरम रवैया रखना होगा। लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें आसन तक पीएम नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू लेकर गए। बिरला को बधाई देते हुए जहां पीएम ने कहा कि आपका अनुभव सदन का सुचारू चलाने में काम आएगा, वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज सुनी जाएगी। अखिलेश यदव समेत विपक्ष के नेताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा, सांसदों के निष्कासन जैसी कार्यवाही नहीं देखने को मिलेगी। हालांकि पहले ही दिन सदन में आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के दौरान विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। सदन में कार्य निष्पादन में ओम बिरला को अपने अनुभव के आधार कार्यकुशलता दिखानी होगी, लोकसभा की हांगामा संस्कृति में बदलाव लाना होगा, पद की गरिमा का पालन करना होगा और निष्पक्षता व निरपेक्षता का मानदंड स्थापित करना होगा। अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला को दलगत सीमा से ऊपर उठते हुए ऐसी नजीर पेश करनी होगी कि लोकसभा के इतिहास में उनका मुकाम निष्पक्ष व निरपेक्ष अध्यक्ष के रूप में कायम हो।

ब्रिटेन आम चुनाव

विवेक शुक्ला

सुनक के भविष्य को लेकर सवाल

क्या ब्रिटेन में आगामी 4 जुलाई को होने वाले आम चुनावों के बाद भी देश के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री श्रृषि सुनक अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन में बसे हुए भारतवंशी वोट देंगे? क्या भारतवंशियों के वोट लेबर पार्टी को भी मिलेंगे? बेशक, ये सवाल महत्वपूर्ण हैं। ब्रिटेन की 2011 की जनगणना के अनुसार, वहां लगभग 15 लाख भारतीय मूल के लोग हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पाल जैसे भारतवंशी ब्रिटेन के सबसे धनी लोगों की सूची में जगह पाते हैं। संडे टाइम्स की बीती मई में जारी ब्रिटेन के सबसे बड़े धनकुबेरों की सूची में श्रषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का 245वां स्थान है। अक्षता इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर चेयरमेन एन.आर. नारायणमूर्ति की पुत्री हैं। दरअसल ब्रिटेन में बसे भारतीयों का लंबे समय तक झुकाव लेबर पार्टी के साथ रहा है। हालिया सर्वेक्षणों से पुख्ता संकेत मिल रहे हैं कि भारतीय दक्षिणपंथी कंजरवेटिव पार्टी की तरफ झुकाव बढ़ा है। लंदन में 1970 के दशक से बसे लेखक विनोद चव्हाण मानते हैं कि आगामी आम

चुनावों में ब्रिटेन में बसे हिन्दू वोटर कंजरवेटिव पार्टी के हक में एकमुश्त वोट दे सकते हैं। ये खबर श्रषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को सुकून दे सकती है। जब हम ब्रिटेन में बसे भारतीयों की बात करते हैं, तब उनमें वे भी शामिल होते हैं जो ब्रिटेन में ईस्ट अफ्रीका, कैरिबियाई टापू देशों और अन्य स्थानों से आकर बसते रहे हैं। सुनक का परिवार 1960 के दशक में केन्या से ब्रिटेन में जाकर बसा था। एक राय यह भी है कि नरेन्द्र मोदी के 2014 में भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रिटेन में बसे बहुत बड़ी संख्या में भारतीय कंजरवेटिव पार्टी के समर्थक हो गए। इनमें हिंदू सर्वाधिक हैं। मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन के वेम्बली स्टेडियम में 60,000 भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया था। उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन थे। वे अपने को भारत का दामाद कहने में फख्र महसूस करते हैं। वे अलग किस्म के दामाद हैं। उनकी (दूसरी तलाकशुदा) पत्नी मारिना ह्वीलर की मां दीप सिंह कौर की पहली शादी दिल्ली के नामवर ठेकेदार सर सोबा सिंह के पुत्र सरदार दलजीत सिंह से हुई थी। सोबा सिंह के चार पुत्र थे। उनमें से एक लेखक खुशवंत सिंह भी थे। अब एक और महीन बात को समझना होगा। ब्रिटिश में भारतीय धर्म के आधार पर भी बंटे हुए हैं। माना जा रहा है कि अधिकांश भारत मूल के मुस्लिम और सिख लेबर पार्टी के साथ जा सकते हैं। ब्रिटेन में 1960 से 1980 के दशकों में भारत के अलावा, युगांडा, केन्या और कैरिबियाई टापू देशों से भी काफी तादाद में भारतीय मूल के बसे थे। ये लेबर पार्टी को प्रवासियों के हमदर्द के रूप में देखते थे। यह वही दौर था जब लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री हेरेल्ड विल्सन 1965 में रेस रिलेशंस एक्ट लेकर आए। उसे नस्लीय भेदभाव को रोकने की दिशा में अहम कानून माना गया था। ब्रिटेन के हिन्दुओं का 2010 से रुख कंजरवेटिव पार्टी की तरफ होने लगा था। उन भारतीयों में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के धनी और शिक्षित हिन्दू भी थे। पिछले 20-25 वर्षों में भारत से नया प्रवासी समुदाय ब्रिटेन पहुंचा है। ये डॉक्टर, इंजीनियर, आई.टी.पेशेवर वगैरह हैं। ये सब अपने को कंजरवेटिव पार्टी का वोटर बताते हैं। यूं ही भारतवंशियों का लेबर पार्टी से मोहभंग नहीं हुआ। हुआ यह कि लेबर पार्टी ने 2019 में एक प्रस्ताव पारित करके जम्मू- कश्मीर के लोगों को 'आत्मनिर्णय का अधिकार' देने की मांग की। लेबर पार्टी के इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में बसा भारतीय प्रवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लेबर पार्टी से दूर होने लगा। सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री बने। इसके चलते वहां के हिन्दू और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे हो गए। अभी नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी के साथ जाएंगे? हिन्दू ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। अब तक 29 हिन्दू संगठनों ने इस घोषणापत्र का समर्थन किया है। घोषणापत्र के अनुसार, 'हिन्दू ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था की जान है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान असमान रूप से अधिक है। हम कानून का पालन करने वाले समुदायों में से एक हैं। इसके बावजूद देश में हिन्दू विरोधी नफरत बढ़ रही है।' इनकी एक बड़ी मांग तो यह है कि इन्हें सुरक्षा मिले। अब कुछ बातें देखने वाली हैं। क्या हिन्दुओं के वोट बटेंगे या कंजरवेटिव पार्टी की झोली में जाएंगे? क्या हिन्दू संगठनों के मेनिफेस्टो पर लेबर और कंजरवेटिव पार्टी गौर करेंगी? क्या हिन्दुओं से इतर ब्रिटिश भारतीय लेबर पार्टी का साथ देंगे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

नेता विपक्ष राहुल की चुनौतियां

विश्लेषण

डॉ. रमेश ठाकुर

कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है।

सोलहवीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही, परंतु कहते हैं न कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाएं और किसके अचानक बुझ जाएं इसका पता नहीं चलता क्योंकि इसका सारा दारोमदार और सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ है। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने का दावा कर रही थी और पूरी तरह आश्वस्त भी थी, लेकिन जनता ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया। भाजपा जैसे गठबंधन की सीटों का 400 का दावा कर रही थी, वैसा हुआ नहीं, जनता ने उसे बहुमत देकर मौका तो अवश्य दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, यह भी गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कोई भी राजनीतिक दल चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी को तौबा करना होगा। 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है। । अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, लेकिन जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष देश की जनता सभी से काम की उम्मीद करने की करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि केवल लच्छेदार भाषणों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला? बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई

बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं, इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? अगर उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलें तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरकर सामने आती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। यहां पर उल्लेखनीय है कि इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में मजबूती के साथ डटे रहे? उन्होंने खुद को साबित करने के मकसद से ही भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें उन्होंने लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है और कांग्रेस के नेताओं को इतनी संख्या में संसद पहुंचाया कि उन्हें नेता विपक्ष का पद हासिल हो पाया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, क्योंकि कोई भी हार सकता है, इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े सूरमा अपने अपने क्षेत्रों में धराशायी हो गए हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय ओहदा संभाल रहे हैं।

18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई थी। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब हुआ।

राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य हैं। इससे पहले उनके पिता राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी यह जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है।

नेता विपक्ष का ओहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। नेता विपक्ष की सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से भी कहीं अधिक बढ़ा दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपये से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। इसके अतिरिक्त नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और इतना ही नहीं भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शिवत्व की साधना

संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर

संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

संविधान की चिंता किसे और क्यों?

इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी विरोधी राजनीतिक दलों ने संविधान को मुद्दा बनाया था, लेकिन अब जबकि चुनाव हो चुका है, इसका परिणाम भी सामने आ चुका है और 18वीं लोकसभा का सत्र भी शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष अभी भी संविधान को बचाने की बात कर रहा है। सवाल यह है कि संविधान की चिंता किसे और क्यों है? क्या देश में भ्रष्टाचार को पनपने देना, अवसरवाद, पेपर लीक आदि संविधान के लिए उचित हैं? बीते समय में संविधान को बचाने के लिए क्या किया गया या फिर इसके विरुद्ध क्या कुछ हुआ, यह कुछ मायने नहीं रखता, बल्कि देश के हर धर्म-जाति के नागरिक को संविधान के अनुसार अधिकारों का लाभ मिले, यह जरूरी है। अगर समय के साथ-साथ संविधान में कुछ बदलाव भी करना पड़े, तो इसमें शायद कोई हर्ज नहीं है। *- राजेश गुप्ता, धमतरी*

ट्रेंड

अद्भुत भाव था

मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया, उसका भी जिक्र किया। उन दिनों के दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य मानवाधिकार

स्वास्थ्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मौलिक है। हमें स्वास्थ्य को सुरक्षा के मानव अधिकार के रूप में देखना चाहिए। हमें स्वास्थ्य को नियंत्रण की लागत के रूप में नहीं, बल्कि पोषण के लिए निवेश के रूप में देखना चाहिए।

-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

घृणा का जवाब

राहुल गांधी ने नफ़रत और घृणा का जवाब इस देश को मोहब्बत सिखा कर दिया। अन्याय के खिलाफ़ न्याय की जंग लड़ी। इस देश को अहंकारी तानाशाह के सामने खड़े होने की प्रेरणा दी और अब आपकी ताकत नेता विपक्ष के तौर पर सदन में दिखाई देगी।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

वकील ने भी माना

जज ने कहा कि "मैंने स्टेटमेंट पढ़ लिया है और मैं ख़ुद बोल रहा हूं कि केजरीवाल ने ऐसा नहीं कहा है।" सीबीआई झूठ बोल रही है। सीबीआई के वकील ने भी माना।

-संजय सिंह, आप नेता

करंट अफेयर

सीपैक को नुकसान पहुंचाने की बात टीटीपी ने स्वीकारी

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के वरिष्ठ कमांडर ने दावा किया है कि वह बलूचिस्तान के प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन के साथ मिलकर 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना (सीपैक) को नुकसान पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। यह दावा अशांत बलूचिस्तान सूबे के गृहमंत्री मीर जिया लन्ग्रोव ने बुधवार को क्वेटा में किया। लन्ग्रोव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' तहरीक-ए-तालिबान के रक्षा शूरा (परिषद) प्रमुख नसरुल्लाह उर्फ मौलवी मंसूर को हाल में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान से तब गिरफ्तार किया जब वह सूबे में आतंकवादी हमले की योजना बना रहा था। मौलवी मंसूर ने बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधि को लेकर कुछ अहम खुलासे किए हैं।' द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार ये गिरफ्तारियां केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अज्म-ए-इस्तेहकाम अभियान को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई। एक वीडियो भी प्रसारित किया गया जिसमें मौलवी स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है कि टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाता है और अपहृत लोगों को अफगानिस्तान भेज दिया जाता है जबकि उन्हें लापता के तौर पर पेश किया जाता है।

ऑफ बीट

अश्वेत दाताओं की किडनी का होता है कम इस्तेमाल

अमेरिका में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में, गुर्दे की बीमारी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। यह बीमारी विशेष रूप से अश्वेत अमेरिकियों में गंभीर है, जिनकी किडनी खराब होने की संभावना श्वेत अमेरिकियों की तुलना में तीन गुना अधिक है। जबकि अश्वेत लोग अमेरिका की आबादी का केवल 12% हैं, गुर्दे की विफलता वाले लोगों में उनकी हिस्सेदारी 35% है। इसका कारण आंशिक रूप से अश्वेत समुदाय में मधुमेह और उच्च रक्तचाप - गुर्दे की बीमारी के दो सबसे बड़े योगदानकर्ता - की व्यापकता है। अमेरिका में लगभग 100,000 लोग किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। हालाँकि अश्वेत अमेरिकियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होने की अधिक संभावना है, लेकिन उन्हें यह प्राप्त होने की संभावना भी कम है। इससे भी बुरी बात यह है कि अमेरिका में अश्वेत दाताओं की किडनी को एक त्रुटिपूर्ण प्रणाली के परिणामस्वरूप फेंके जाने की अधिक संभावना है, जिसमें यह माना जाता है कि प्रत्यारोपण के बाद अन्य नस्लों के दाताओं की किडनी की तुलना में अश्वेत दाताओं की किडनी काम करना बंद कर देगी। मेरा मानना है कि यह त्रुटिपूर्ण प्रणाली न्याय, निष्पक्षता और एक दुर्लभ संसाधन - किडनी के अच्छे प्रबंधन के बारे में गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

टाटा ग्रुप की किफायती एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दी गुड न्यूज

883 रुपए में हवाई सफर का मौका, टाटा का झमाझम ऑफर

टाटा की किफायती एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हवाई सफर करने वाले यात्रियों को गुड न्यूज दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की 'बिगेस्ट एवर स्प्लैश सेल' के तहत ग्राहक सस्ते में हवाई सफर कर सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई सेल के तहत कंपनी की वेबसाइट और एयर इंडिया एक्सप्रेस मोबाइल ऐप से छूट के साथ फ्लाइट बुकिंग की जा सकती है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुतबिक, 28 जून तक बुक होने वाले टिकट पर यात्रियों को 30 सितंबर 2024 तक यात्रा करनी होगी। वेबसाइट और ऐप दोनों से बुकिंग करने पर ग्राहक एक्सप्रेस लाइट के तहत 883 रुपये की शुरुआती किराए पर टिकट खरीद सकते हैं। जबकि दूसरे बुकिंग चैनल के जरिए एक्सप्रेस वैल्यू किराया 1,096 रुपये से शुरू होता है।

ऐसे मिलेगा स्पेशल डिस्काउंट

एयर इंडिया एक्सप्रेस की वेबसाइट के जरिए बुकिंग करने पर ग्राहकों को स्पेशल डिस्काउंट के साथ हाल ही में लॉन्च हुए जीरो चेक-इन बैगेज एक्सप्रेस लाइट किराया का एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। एक्सप्रेस लाइट के साथ ग्राहक बिना किसी फीस के अतिरिक्त 3 किलो केबिन बैगेज का फायदा भी ले सकते हैं। वहीं घरेलू फ्लाइट में 15किलो चेक-इन बैगेज को 1000 रुपये और इंटरनेशनल फ्लाइट में 20किलो बैगेज को 1300 रुपये में ले जा सकते हैं।

नई सेल के तहत कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप से बुकिंग पर मिलेगी छूट

28 जून तक बुक होने वाले टिकट पर यात्रियों को 30 सितंबर तक करनी होगी यात्रा

लॉयल्टी मेंबर्स को एक्सक्लूसिव डिस्काउंट

एयर इंडिया एक्सप्रेस लॉयल्टी मेंबर्स को एयरलाइन की वेबसाइट पर 100-400 रुपये का एक्सक्लूसिव डिस्काउंट, 8 प्रतिशत तक न्यूक्वाइंस जैसे बेनिफिट मिलते हैं। इसके अलावा बिज़नेस और प्राइम सीट पर 50 प्रतिशत छूट जैसे शानदार ऑफर्स भी मिलते हैं। कंपनी का कहना है कि लॉयल्टी मेंबर्स के अलावा छात्र, सीनियर सिटीज़न, एसएमईएस, डॉक्टर और नर्स व सैना के जवान और उनके डिपेंडेंट खंपनी की वेबसाइट और ऐप से स्पेशल डिस्काउंट पर टिकट बुक कर सकते हैं।

एयर इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की बात करें तो यह टाटा की एयरलाइन एयर इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी है। यह किफायती एयरलाइन दिनभर में 380 फ्लाइट ऑपरेट करती हैं। कंपनी फिलहाल 31 घरेलू और 14 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अपनी उड़ाने ऑपरेट कर रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में फिलहाल 75 एयरक्राफ्ट हैं जिनमें 47 बोइंग 737एस और 28 एयरबस ए320एस हैं।

खबर संक्षेप

सीपीएम ने मुस्लिम लीग के विरोध में खोला मोर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में केरल की सत्ताधारी पार्टी लेफ्ट की करारी हार हुई थी। एलडीएफ की लीडरशिप वाली लेफ्ट सरकार ने यूडीएफ की घटक दल आईयूएमएल पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। पार्टी ने आरोप लगायाकि कांग्रेस की सहयोगी पार्टी राज्य में दक्षिणपंथी मुस्लिम संगठनों का चेहरा बन गई है।

कर्नाटक में 3 और डिप्टी सीएम चाह रहे सिद्धारमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठ रही है। फिलहाल राज्य के सीएम एम. सिद्धारमैया हैं और उनके साथ डिप्टी सीएम के तौर पर डीके शिवकुमार काम कर रहे हैं। इस बीच मांग उठ रही है कि राज्य में तीन और उपमुख्यमंत्री बनने चाहिए। कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम होगा।

अब ओडिशा में शराबबंदी की हो रही तैयारी

भुवनेश्वर। ओडिशा में राजनीतिक माहौल के बीच नवनिर्वाचित भाजपा सरकार राज्य को शराब मुक्त बनाने की योजना बना रही है। यदि पूरी तरह से नहीं, तो सरकार चरणबद्ध तरीके से ओडिशा को शराब मुक्त बनाने पर विचार कर रही है। स्वतंत्रता दिवस से ओडिशा में शराब प्रतिबंध का खंडन करने शराब बंदी की योजना है।

बैग में बच्चे को छिपाकर ले जा रही महिला अरेस्ट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिराती रेलवे स्टेशन पर अपने बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही एक महिला को कुछ यात्रियों ने पकड़ लिया। इसके बाद स्टेशन पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। लोगों ने महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया है।

आबकारी 'घोटाला' में

दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को तीन दिन के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अर्जी पर आदेश पारित किया। एजेंसी ने अदालत की अनुमति प्राप्त करने के बाद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। न्यायाधीश ने कहा, सीबीआई की अर्जी तीन दिन के लिए मंजूर की जाती है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किए जाने पर सीबीआई ने उनकी गिरफ्तारी का अनुरोध करने वाली अर्जी दी।

उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे आबकारी 'घोटाले' से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। भ्रष्टाचार के मामले में, पूछताछ पूरी होने तक केजरीवाल सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह पूछताछ अधिकतम 15 दिनों तक चल सकती है। यदि वह सीबीआई और ईडी द्वारा जांच किए जा रहे दोनों मामलों में जमानत हासिल करने में विफल रहते हैं, तो वर्तमान मामले में उनकी पुलिस (सीबीआई) हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। अदालत ने 19 जून को धन शोधन मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी थी। आप नेता को हिरासत में देने का अनुरोध करते हुए सीबीआई ने अदालत से कहा कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ की जरूरत है। उसने कहा कि केजरीवाल का आमना-सामना अन्य आरोपियों और मामले के सबूतों से कराया जाना जरूरी है।



द्वेषपूर्ण आरोप लग रहे

सीबीआई का पक्ष रख रहे वकील ने कहा, बेवजह द्वेषपूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं। हम चुनाव से पहले यह कार्यवाही कर सकते थे। मैं (सीबीआई) अपना काम कर रहा हूं। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वकील ने सीबीआई की हिरासत लेने की अर्जी का विरोध किया और इसे पूरी तरह से संदिग्ध' बताया। उन्होंने कहा कि यह शक्ति के दुरुपयोग का बड़ा उदाहरण है।

हालांकि, केजरीवाल ने अदालत के समक्ष खुद के निर्दोष होने का दावा किया

केजरीवाल ने अदालत से कहा कि मीडिया में सीबीआई सूत्रों के माध्यम से यह खबर प्रसारित की जा रही है कि मेरे एक बयान में सारा दोष (दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री) मनीष सिसोदिया पर मढ़ा गया है। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया या कोई और दोषी है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा है कि सिसोदिया निर्दोष हैं, आप' निर्दोष है, मैं निर्दोष हूं। उनकी पूरी योजना मीडिया में हमें बदनाम करने की है। कृपया रिकॉर्ड में दर्ज करें कि यह सब सीबीआई सूत्रों के माध्यम से मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एजेंसी इस मुद्दे को सनसनीखेज बना रही है। उन्होंने अदालत से कहा कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। उनका उद्देश्य मामले को सनसनीखेज बनाना है। वहीं, सीबीआई के वकील ने कहा कि किसी भी सूत्र ने ऐसी कोई बात नहीं कही है। वकील ने कहा कि मैंने अदालत में दलील दी है। किसी भी सूत्र ने कुछ नहीं कहा है। और मैंने तथ्यों के आधार पर दलील पेश की है। हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि मीडिया किसी भी एक बात को पकड़ लेती है। उन्होंने कहा कि मीडिया को इस तरह से नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। सीबीआई ने न्यायाधीश से अनुमति मिलने के बाद अदालत के समक्ष गिरफ्तारी की। न्यायाधीश ने एजेंसी द्वारा केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने की अनुमति मांगने के लिए दायर अर्जी पर यह आदेश पारित किया। तिहाड़ केंद्रीय कारागार से केजरीवाल को अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार करने की अर्जी दी। सीबीआई ने कहा कि हमें उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करनी है। वह यहां तक (सह आरोपी) विजय नायर को भी नहीं पहचान रहे हैं जो उनके मातहत काम करते थे। वह कह रहे हैं कि नायर, आतिशी और सौरभ भारद्वाज के अधीन काम करते थे। वह पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल रहे हैं। उनका आमना-सामना कराना है। उन्हें दस्तावेज दिखाने हैं। केंद्रीय एजेंसी ने दावा किया कि 'दक्षिण की लॉबी' ने ऐसे समय दिल्ली का दौरा किया जब कोविड-19 महामारी अपने चरम पर थी। सीबीआई ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति का संदर्भ देते हुए अदालत में कहा, मौतें हो रही थीं। उन्होंने रिपोर्ट तैयार की और अभिषेक बोइनपल्ली को दी। यह विजय नायर के जरिए सिसोदिया को भेजी गई। कोई बैठक नहीं हुई। उसी दिन इस पर हस्ताक्षर किए गए। उसी दिन इसे अधिसूचित कर दिया गया। इसे लेकर जल्दबाजी थी। जब कोविड था, तब सत्ता की बागडोर किसके हाथ में थी? मुख्यमंत्री के पास। उनके निर्देश पर दक्षिण की लॉबी दिल्ली में बैठी थी और उसने सुनिश्चित किया कि नीति अधिसूचित हो जाए। सीबीआई ने केजरीवाल पर 'अनावश्यक दुर्भावना से प्रेरित आरोप' लगाने का भी आरोप लगाया।

आपातकाल की निंदा, कांग्रेस का हंगामा

'रियर व्यू मिरर' देखकर कार को चलाना बंद करे भाजपा

बिरला ने किया कांग्रेस की तानाशाही, इंदिरा और नसबंदी का जिक्र कांग्रेस भड़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की जमकर निंदा की, जिसके बाद सदन में विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। बिरला ने इसे देश के इतिहास का एक काला अध्याय बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौर में ऐसे कई काम किए, जिन्होंने संविधान की भावनाओं को कुचलने का काम किया, लेकिन हम संविधान की रक्षा की भावना को दोहराते हैं। बिरला ने कांग्रेस को तानाशह सरकार कहा, इंदिरा गांधी का जिक्र किया और नसबंदी तक के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा।

इंदिरा ने खेद जताया था : कार्ति

लोकसभा परिसर में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। एनडीए प्रदर्शन पर कांग्रेस नेता कार्ति चिंदबरम ने कहा कि भाजपा को रियर व्यू मिरर देखकर कार चलाना बंद करना चाहिए। भाजपा ने देशभर में आपातकाल की बरसी पर विरोध का ऐलान किया है। 1975 से अब तक गंगा में बहुत पानी बह चुका है। इंदिरा गांधी ने इस आपातकाल पर खेद जताया था।

मोदी ने इमरजेंसी की निंदा की सराहना की

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिरला की सराहना की। मोदी ने एक्स पर लिखा कि मुझे खुशी है कि स्पीकर ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया उसका भी उल्लेख किया। उन दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था। आपातकाल 50 साल पहले लगाया गया था लेकिन आज के युवाओं के लिए इसके बारे में जानना जरूरी है। क्योंकि तब संविधान को कुचल दिया जाता है, जनता की राय दबा दी जाती है।

दत्तात्रेय ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

दत्तात्रेय की दो नातिन भी प्रधानमंत्री से मिली, गीत सुनकर मोदी ने दुलार किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को अपने परिवार सहित संसद भवन, नई दिल्ली में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान लेडी गवर्नर बंडारु वसंथा, उनकी बेटी बंडारु विजयालक्ष्मी, दामाद डॉ. बी जिग्नेश रेड्डी, बंडारु शिवशंकर और दोनों नातिन ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल की दोनों नातिन यशोधरा रेड्डी और वेदांशी रेड्डी ने प्रधानमंत्री को 'मां से ज्यादा मातृभूमि को जिसने मान दिया, खुद का जीवन भी जिसने भारत के नाम किया'और 'आज दिल पे हाथ रख के ये कसम ले हम सभी, न झुकेगा देश अपना न झुकेंगे हम कभी' ये दो गीत गाकर सुनाए।

इससे खुश होकर प्रधानमंत्री ने दोनों को उपहार स्वरूप चॉकलेट दी और इसके साथ ही उनका दुलार भी किया। उन्होंने मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। राज्यपाल ने हरियाणा के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की।

9-12वीं तक के छात्राओं को 50 हजार रु. मिलेंगे

अहमदाबाद। गुजरात सरकार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मार्च में शुरू की गई 2 योजनाओं के तहत लगभग 4.37 लाख लड़कियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 'नमो लक्ष्मी योजना' के लिए 4.03 लाख छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। गुजरात सरकार का कहना है कि राज्य सरकार इन छात्राओं को 50 हजार रुपए देगी।

सरकार और गवर्नर में टकराव!

शपथ ग्रहण को लेकर सदन में धरने पर बैठ गए दो विधायक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना शुरू कर दिया। वे शाम तक राज्यपाल सीवी आनंद बोस के वहां आकर उन्हें पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपने का इंतजार करते रहे।

सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार लगातार कोलकाता के पास बारानगर और मुर्शीदाबाद जिले के भागाबंगोला से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

इसलिए हम सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे

हुसैन ने कहा कि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे विधानसभा में आएं और हमें शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। हालांकि, उन्होंने दोनों विकल्पों को अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं।

अगर राज्यपाल चाहें तो...

सरकार ने बताया कि वह और बंदोपाध्याय राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए अपनी सहमति देने के लिए इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बेनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह एक संवैधानिक शिष्टाचार है और यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

मंथन बैठक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने पर हुआ मंथन, राहुल, खरगे ने चेताया

हरियाणा कांग्रेस के नेता गुटबाजी छोड़ विस चुनाव पर करें फोकस

पार्टी हाईकमान ने हरियाणा कांग्रेस संगठन की कमजोरियां भी खंगाली

वेणुगोपाल, बाबरिया, उदयभान, भूपेन्द्र हुड्डा, सैलजा, बीरेंद्र सहित करीब 42 नेता बैठक में रहे मौजूद

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में लोकसभा चुनाव की आधी सीटें कब्जाने के बाद कांग्रेस की नजर अब हर हाल में विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कवायद पर टिकी है।

कांग्रेस हरियाणा को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जब राज्य के विधानसभा चुनाव पर मंथन के लिए बैठक बुलाई तो इसमें राहुल गांधी से लेकर हरियाणा कांग्रेस के तमाम छोटे-बड़े नेता मौजूद थे। अब तक प्रदेश की राजनीति में एक दूसरे को आंख दिखाने वाले नेता बैठक में खरगे और राहुल की हिदायतों को न केवल गंभीरता से सुनते दिखाई पड़े बल्कि सभी ने एकजुटता और मेलजोल से चुनाव लड़ने की बात कही। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर हुई बैठक में खरगे और राहुल गांधी, केसी वे णु गो पा ल , दी प क बाबरिया, उदयभान, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा, चौधरी बीरेन्द्र सिंह और दीपेंद्र हुड्डा सहित करीब 42 नेता मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार बैठक में चर्चा के दौरान फोकस इस बात पर रहा कि भाजपा को हराने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाए। भाजपा की कमजोर कड़ियों पर विचार विमर्श हुआ। भाजपा और सैनी सरकार के खिलाफ बड़े मुद्दों को जनता के बीच कैसे रखा जाए, इस पर बात हुई। किसानों से जुड़े मसलों और अग्निपथ योजना को लेकर चर्चा हुई। राज्य में जातीय समीकरणों से तालमेल बैठाते हुए भाजपा से दो कदम आगे कैसे रहा जाए इस पर राय प्रकट की गई। राज्य में कांग्रेस के कमजोर पहलू क्या हैं, इसे खंगाला गया। पांच लोकसभा सीटों पर हार के क्या कारण रहे इस पर सवाल पूछे गए। विधानसभा चुनाव में मोदी फैक्टर कितना असर डालेगा, इस पर डिस्कशन हुआ। हरियाणा में ओबीसी वर्ग का रुख क्या रहेगा। जाट और दलित कंबिनेशन लोकसभा चुनाव की तरह क्या विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ खड़ा रहेगा, इस पर भी प्रदेश के नेताओं की राय ली गई। तमाम मुद्दों के बावजूद जो सबसे अहम बिंदु रहा वो प्रदेश में पार्टी नेताओं के बीच पसरी गुटबाजी था।

खरगे और राहुल ने बहुत ही क्लीयर कट अंदाज में कहा कि किसी भी सूरत में गुटबाजी सहन नहीं की जाएगी। दोनों नेताओं का कहना था कि एक दूसरे की टांग खिंचाई के बजाए सब मिलकर विधानसभा चुनाव जीतने पर फोकस करें बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर लिखा 'हरियाणा के किसानों और नौजवानों को भाजपा ने धोखा दिया है। कांग्रेस पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों व हर एक कांग्रेस कार्यकर्त्ता को बहुत-बहुत बधाई। आने वाले चुनाव में हमें सभी छत्तीस बिरादरी के लोगों का विश्वास हासिल करना है।

'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया

जैन ने राष्ट्रपति से ओवैसी को अयोग्य करने की मांग उठाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआईएमआईएमचीफ असदुद्दीन ओवैसी ने जब संसद में शपथ ली, उनकी तरफ से 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगा दिया गया। उस नारे की वजह से काफी विवाद बढ़ चुका है। उन्होंने देश की संसद में एक विदेशी समस्या के प्रति अपना समर्थन जारी किया है। इसे नियम के विरोध भी बताया गया है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास शिकायत पहुंच गई है, यह कंम्पलेन एडवोकेट विष्णु शंकर जैन द्वारा की गई है। जैन ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के संदर्भ में ओवैसी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई गई है। मांग की गई है कि उन्हें संसद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाए।

पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि समेत बचत योजनाओं की ब्याज दरों में वृद्धि संभव!

एनडीए सरकार 28 जून को निवेशकों को दे सकती है सौगात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीपीएफ और दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार निवेशकों को सौगात दे सकती है। 28 जून, 2024 को वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के लिए सरकारी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर एलान करेगी।

छोटी बचत योजनाओं पर पहली तिमाही में वहीं ब्याज दिया गया जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथाई तिमाही में दिया गया। तब देश में लोकसभा चुनावों के चलते आचार संहिता लगा हुआ था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। ऐसे में वो निवेशक जो इन योजनाओं में अपनी गाढ़ी कमाई निवेश करते हैं उन्हें सरकार तोहफा दे सकती है।

पीपीएफ के निवेशक मायूस

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी थी। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया। इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। खासतौर से पब्लिक प्रॉविडेंट फंड यानि पीपीएफ के निवेशकों को फिर से मायूसी हाथ लगी है।



पीपीएफ निवेशकों को मिलेगी सौगात!

इन सभी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पिछले कुछ तिमाही में बढ़ाई गई है लेकिन पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। आरबीआई की ओर से पॉलिसी रेट में बदलाव के आसार मौजूदा वर्ष 2024 में नजर नहीं आ रहे क्योंकि खाद्य महंगाई राह में रोड़ा बना हुआ है। ऐसे में पीपीएफ पर ब्याज दरें बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

दूसरे सेविंग योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से ही पब्लिक प्रॉविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ पर निवेशकों को 7.1 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। जबसे डिपॉजिट्स पर ब्याज दरें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है तब से सरकार ने सभी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सेविंग डिपॉजिट पर 4 फीसदी, 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज और 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।

एलटीआईमाइंडट्री एलटीटीएस के चेयरमैन पद से हटे नाइक

नई दिल्ली। एलटीआईमाइंडट्री और एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के चेयरमैन ए एम नाइक ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचनाओं में कहा कि उनकी जगह पर एस एन सुब्रमण्यन को नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

MUNICIPAL COMMITTEE PUNHANA (NUH)
Distt. Nuh, (Haryana) Pin-122508
Email-secy-punhana@ulbharyana.gov.in mc.punhana@gmail.com

सार्वजनिक सूचना / मुनादी

सभी नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका पुन्हाना वर्ष 2024-2025 के लिए कृषि योग्य भूमि का पटटा (ठेका) एक वर्ष देने के लिए जिला नगर आयुक्त, नूंह के प्रतिनिधि उपमण्डल अधिकारी (ना०) पुन्हाना की अध्यक्षता में दिनांक 03/07/2024 को प्रातः 11.00 बजे वर्ष 2024-25 के लिए नगरपालिका कार्यालय में पट्टे पर छोड़ी जावेगी। जो भी नागरिक इसके इच्छुक हो वो समय पर आकर धरोहर राशि मु0 20,000/- रूपये के रूप में कार्यालय में जमा करवा कर बोली में शामिल हो सकता है। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी।

सूचित रहे।

हस्ता/- प्रधान नगरपालिका पुन्हाना।
हस्ता/- सचिव नगरपालिका पुन्हाना।

संवाद-1078/11/492/2025/27203/C/88/7 दि. 26.06.24

कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने जताई राय

बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाने पर हो विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है।

आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए

ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

छूट सीमा 3.5 लाख रुपए किया जा सकता है

ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है।

स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई : *ईवाई ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित कर अनुपालन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई स्वागतयोग्य कदम उठाए हैं। इनमें पहले से भरे गए रिटर्न, वार्षिक सूचना विवरण, कर भुगतान में आसानी, रिटर्न और रिफंड की तेज प्रक्रिया आदि हैं। इससे स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई है।*

- मूल कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार
- सरकार को कर ढ़ांचे को सुव्यवस्थित करने पर देना होगा ध्यान

50 हजार की मानक कटौती प्रदान की जाती है

वर्तमान कर प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं। जहां पुरानी व्यवस्था में विभिन्न छूट और कटौती प्रदान की जाती है तो वहीं नई कर व्यवस्था में 50,000 रुपये की मानक कटौती प्रदान की जाती है लेकिन कोई छूट प्रदान नहीं की जाती है।

होटल को बुनियादी ढांच का दर्जा दिया जाए

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया है। एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा।

जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12 प्रतिशत की जीएसटी दर का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा, 'सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है।'

होटल उद्योग में बजट खंड को मिले बढ़ावा

एफएचआरएआई ने कहा कि आतिथ्य महासंघ द्वारा वित्त मंत्रालय के समक्ष रखे गए प्रमुख अनुरोधों में से एक यह है कि 'सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया जाए, ताकि होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा दिया जा सके।'

यस बैंक 500 कर्मियों की छंटनी की

नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंकों में से एक यस बैंक के कर्मचारियों के लिए एक बुरी खबर है। प्राइवेट सेक्टर के इस बैंक ने अपने सैंकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर दी है और उन्हें जाने का आदेश दे दिया है। कुछ खबरों में ऐसा दावा किया जा रहा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यस बैंक अपनी लागत को कम करने के उपायों पर गौर कर रहा है और इसके तहत बैंक ने छंटनी का सहारा लिया है। यस बैंक ने पुरर्संरचना के उपायों के तहत कम से कम 500 कर्मचारियों को काम से बाहर करने का आदेश दिया है।

वैज्ञानिकों- शोधकर्ताओं को भी पतंजलि के शोध से मिलेगा लाभ : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। हाइपोथायरोडिज्म दुनिया भर में एक आम बीमारी के रूप में पैर पसार रही है लेकिन इससे हृदय रोग, इनफर्टिलि और बच्चों के मस्तिष्क विकास में बाधा जैसे दुष्प्रभाव उत्पन्न हो रहे हैं। मॉडर्न चिकित्सा जगत में इस भयावह परन्तु आम बीमारी के लिए मात्र हार्मोनल रिप्लेसमेंट थैरेपी ही उपलब्ध है या फिर रोगी जीवन पर्यन्त दवाइयां लेने के लिए बाध्य है। पतंजलि द्वारा जममानस को इस रोग से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य के साथ, आयुर्वेद के वृहद और प्राचीन विज्ञान को आधार बना कर हर्बल औषधि थायरोग्रिट का निर्माण किया गया। इस औषधि पर किए गए शोध ने यह प्रमाणित किया कि यह औषधि चूहे के भीतर उत्पन्न हाइपोथायरोडिज्म की समस्या को ठीक करने में सक्षम है। आयुर्वेदिक औषधि थायरोग्रिट, हाइपोथायरोडिज्म से प्रभावित गलगण्ड ग्रंथि (थायराईड) को रोगमुक्त कर इससे होने वाली गुर्दे की हानि को भी समाप्त करती है। यह शोध विश्व प्रतिष्ठित पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल, क्लीनिकल फाइटो साइंस प्रकाशित हुआ है, जिससे समकालीन वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं को भी नवीन आयुर्वेदिक औषधि अनुसन्धान के बारे में जानकारी मिलेगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) नवीन** पुत्र **मांगे सिंह** निवासी **25 फुटा रोड, डी–ब्लॉक, जैतपुर पार्ट–2, नई दिल्ली–110044, (2) शौकीन** पुत्र **इदरीश** निवासी **86, गढ़ी माजरा, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने case **FIR No. 149/2023 U/s 420/506/509/34 IPC, थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) नवीन (2) शौकीन** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **(1) नवीन (2) शौकीन** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 149/2023 U/s 420/506/509/34 IPC, थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) नवीन (2) शौकीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.08.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु तंवर
महानगर दण्डाधिकारी–10
कमरा नं. 307, तृतीय तल
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/8032/SE/2024(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मुनीश अहमद** पुत्र नफीश अहमद निवासी मकान नंबर 2391 मंदिर वाली गली, शादीपुर रंजीत नगर दिल्ली।, एफ आई आर नं. 226/2022 धारा 188 भा.द.स पुलिस थाना रंजीत नगर दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनीश अहमद** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मुनीश अहमद** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुनीश अहमद एफ आई आर नं. 226/2022 धारा 188 भा.द.स पुलिस थाना रंजीत नगर दिल्ली न्यायालय** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री उपासना सतीजा-एल.डी
अतिरिक्त महानगर मजिस्ट्रेट
महिला न्यायालय-04,कमरा नंबर 145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7828/CD/2024

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एक्मे फिनट्रेड का शेयर छह फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड का शेयर 120 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब छह प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 4.75 प्रतिशत उछाल के साथ 125.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एशियाई बाजारों में तेजी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए।

दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। इस दौरान निवेशकों की पूंजी में कुल 2.53 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 705.88 अंक बढ़कर 78,759.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।



- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी
- रिलायंस खरीदारी से नई ऊंचाई पर पहुंचा

इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे।

रिलायंस चार प्रतिशत चढ़ा : शेयर बाजारों के रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर चार प्रतिशत चढ़ गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। बाजार की दिग्गज कंपनी का शेयर बीएसई में 4.09 प्रतिशत बढ़कर 3,027.40 रुपये पर बंद हुआ।

राशिफल

मेष — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

सोना 250 रुपए लुढ़का और चांदी में 900 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये के नुकसान के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 900 रुपये की गिरावट के साथ 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।

रुपया 14 पैसे टूटकर 83.57 प्रति डॉलर

मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 के भाव पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयरों में मजबूती के रुख से रुपये को समर्थन मिला तथा इसकी तेज गिरावट पर अंकुश लग गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबंधक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं.1. ई–निविदा सूचना संख्या एवं निविदा कार्य का विवरण: टेंडर नं.: "13–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2024–25"** "रिपेयर ऐक्टिविटी (डिसअसेम्बली एंड असेम्बली) ऑफ ब्रेक कैलीपर यूनिट इन मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर फॉर 01 इयर"; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹46,95,660/-; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹93,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹शून्य; **संविदा की अवधि:** 12 माह। **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 22.07.2024 को 11:00 बजे। उपरोक्त ई–निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **"http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य
मुजाधि/यांत्रिक–37 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
(www.hssc.gov.in)

सार्वजनिक सूचना

ग्रुप-सी पदों के लिए 5 और 6 नवम्बर 2022 को आयोजित परीक्षा हेतु कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2022 फेज-I, हरियाणा के संशोधित परिणाम की घोषणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों को सूचना

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि एलपीए नं. 1037 ऑफ 2023 में माननीय उच्च न्यायालय निर्णय दिनांक 31.05.2024 के अनुसार, आयोग 5 और 6 नवम्बर 2022 को आयोजित परीक्षा हेतु ग्रुप-सी पदों के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2022 का संशोधित परिणाम अपलोड कर चुका है। संशोधित परिणाम सामाजिक-आर्थिक मानदंड अंकों का कोई वेटेज दिये बिना उम्मीदवार के केवल सीईटी अंकों के आधार पर तैयार किया गया है।

उम्मीदवारों को एचएसएससी की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक https://cetgroupc.hryssc.com पर अपना पंजीकरण नम्बर और ई-मेल / मोबाइल नम्बर का उपयोग करते हुए अपना सीईटी स्कोर कार्ड एक्सेस/डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 25 जून 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/632/2025/27177/88/7 दि. 26.06.24 — पंचकूला

शब्द पहेली - 5554



बाएँ से दाए-
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

शब्द पहेली -5553 का हल

का		बु	आ		द		स	खत		मु
र	क्त		कु	क	र	मु	त्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				वे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
ब	लि		क	हा	नी	का	र		छ	बि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल



टी20 क्रिकेट विश्व कप : सेमीफाइनल मुकाबलों में आज बारिश के आसार

भारत ने 11 साल से नहीं जीती है आईसीसी की कोई ट्राफी

भारत के सामने नॉकआउट की पहेली इंग्लैंड से बदला चुकता करने का मौका

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

आक्रामक बल्लेबाजी रवैए के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैए को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।

17 साल से खिताब का सूखा

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट के डेब्यू सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। रोहित शर्मा भी इस विजेता टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अब रोहित की नजर 17 साल का सूखा खत्म करने पर है। दूसरी ओर भारत ने 11 साल से आईसीसी की कोई ट्राफी नहीं जीती है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्राफी जीती थी।

मैच रद्द होने पर भारत खेलेगा फाइनल

अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।

मैच पर बारिश का साया

भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

द.अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होगा ऐतिहासिक जंग

तारोबा। टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया।

यूरो 2024

गोलरहित ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में

एजेंसी ▶▶| कोलोन

इंग्लैंड ने यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। मंगलवार को कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रेक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

अर्जेन्टीना ने चिली को 1-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड। लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है।

1-0 से जीता कनाडा

कन्सास सिटी। जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है।

खबर संक्षेप

जर्मनी में अभ्यास करेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में एक महीने तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह अभ्यास शिविर 28 जून से शुरू होगा जिसमें विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सहित पांच भारतीय मुक्केबाज आयरलैंड, अमेरिका, मंगोलिया, जर्मनी और डेनमार्क की राष्ट्रीय टीमों के साथ जर्मनी के सारब्रुकेन के ओलंपिक केंद्र में अभ्यास करेंगे।

भारत में बनेंगे 100 पिकलबॉल कोर्ट

मुंबई। पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 100 कोर्ट बनाए जाएंगे।



एआईपीए और पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'खेलोमोर' के बीच घोषित साझेदारी के अंतर्गत इन कोर्ट को बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। परांजपे ने कहा, 'एआईपीएल पिकलबॉल के लिए वही है जो भारतीय क्रिकेट के लिए बीसीसीआई है। हमें यकीन है कि यह साझेदारी भारत में इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।'

एशियाई खेलों में योग को शामिल करने की वकालत

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने की वकालत की क्योंकि भारत इसकी लोकप्रियता को बढ़ाना चाहता है। एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह को लिखे पत्र में इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने महाद्वीप के खेल समुदाय से एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने का आग्रह किया।

ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।

टीम इस प्रकार

गोलकीपर : पी आर श्रीजेश
डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय
मिडफील्डर: राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
फॉरवर्ड: अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह
वैकल्पिक खिलाड़ी : नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक ।

पीजीटीआई के अध्यक्ष बने कपिल

नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पैंसठ वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है।

हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

पेरिस ओलंपिक

जूडोका तूलिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, 'जूडो हमेशा से ही

हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए। इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई।

लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं।'

पेरिस में 'इंडिया हाउस' भारतीय एथलीटों के लिए घर से दूर घर जैसा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में पहला 'इंडिया हाउस' भारतीय दल के लिए 'घर से दूर घर' जैसा होगा और यह देश की 'समृद्ध सांस्कृतिक और खेल विरासत' की झलक भी पेश करेगा। इंडिया हाउस देश की ओलंपिक भागीदारी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। इंडिया हाउस पेरिस के पार्क डे ला विलेट में स्थित होगा जिसे खेलों के दौरान

'राष्ट्रों का पार्क' नामित किया गया है और यह नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और फ्रांस सहित 14 अन्य आतिथ्य घरों से घिरा होगा। इंडिया हाउस की स्थापना रिलायंस फाउंडेशन ने आईओए के साथ साझेदारी के तहत की है और यह 'भारत के गौरवशाली अतीत, जीवंत वर्तमान और रोमांचक भविष्य के साथ-साथ प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण में प्रगति' को प्रदर्शित करेगा।

तैराक नटराज, देसिंघु की ओलंपिक में खेलने की पुष्टि

नई दिल्ली। भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस क्वालिफिकेशन प्रणाली' के जरिए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। अगर किसी देश का कोई तैराक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता तो इस प्रणाली के जरिए देश अपने दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले तैराकों के नाम की सिफारिश इन प्रतिष्ठित खेलों के लिए कर सकता है। भारतीय तैराकी महासंघ ने दोनों वर्ग (महिला और पुरुष) के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया क्योंकि कोई भी भारतीय तैराक पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने बताया, 'किसी भी भारतीय तैराक ने सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया इसलिए एसएफआई ने दोनों वर्ग के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद राशिद पुत्र** मोहम्मद आलम **पताः** ए–431, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली एवं **सोहेल अंसारी पुत्र** खलील अंसारी **पताः** 313/101–ओ, इंद्रलोक, उत्तर पश्चिम, दिल्ली ने **FIR No. 72/20, U/s 379/411/34 IPC थानाः एस बी डेरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या रांदेह है कि उराने किया है), और उरा पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद एवं सोहेल अंसारी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद एवं सोहेल अंसारी** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 72/20, U/s 379/411/34 IPC थानाः एस बी डेरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद एवं सोहेल अंसारी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सौरभ गोयल
एमएम–05 (उत्तर) कोर्ट रूम नंबर 114, प्रथम तल रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/8141/ON/2024
(Court Matter)

नाटकीय चोट का अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन ने किया समर्थन

नायब की चोट विश्व कप मैच जीतने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के गुलबदीन नायब का मैदान पर नाटकीय चोट का दिखावा जायज था क्योंकि यह उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' के जरूरी सुपर आठ मैच में हुआ। नायब स्लिप कॉर्डन में क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और 12वें ओवर में अपनी जांघ को पकड़ते हुए पीठ के बल गिर पड़े। उसी समय कोच जोनाथन ट्रॉट ने बारिश के कारण खेल को धीमा करने का संकेत किया था। अश्विन ने अपने 'यूट्यूब चैनल' पर कहा, 'जोनाथन ट्रॉट ड्रेसिंग रूम से खेल की गति धीमी करने का

इशारा कर रहे थे और इसके बाद नायब मैदान पर ऐसे गिर गए जैसे टूटे हुए पेड़ की शाखा। हर कोई कह रहा है कि उन्हें इसके लिए सजा दी जाएगी। लेकिन समस्या क्या है? वह अपने देश के लिए खेल रहा है और 'करो या मरो' विश्व कप क्वालीफायर जीतने की कोशिश कर रहा है।' आईसीसी की खेलने के नियमों के अनुसार, 'जानबूझकर या बार बार समय बर्बाद करने की रणनीति के लिए खिलाड़ी पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। लेकिन इस मामले में मैच रेफरी के पहली और अंतिम चेतावनी के कारण नायब बच सकते हैं।'

हंसते–हंसते आंखों में आंसू आ गए: मार्श

ग्रॉस आइलेट। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदिन नायब के बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान ऐंठन की नाटकीय शिकायत के मजाकिया पक्ष को देखा और इसे क्रिकेट के मैदान पर अब तक देखी गई 'सबसे मजाकिया चीजों में से एक' करार दिया। मार्श ने 'क्रिकेट.कॉम.एयू' से कहा, 'हंसते-हंसते मेरी आंखों में आंसू आने लगे थे और अंततः इसका खेल पर कोई असर नहीं पड़ा। इसलिए अब हम इस पर हंस सकते हैं- लेकिन यह मजेदार था। यह शानदार था।'

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात, उम्रः** 24–25 साल। जो 19.06.2024 को चावला रोड कुब राम पार्क प्रेम नगर, दिल्ली के पास मृत पाया गया।, इस बाबत **DD No. 16A, Dt 19.06.2024, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली,** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है। **उम्रः** 24–25 साल, **कदः** 5'4'', **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** गोल, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** लाल रंग की टी–शर्ट और नीला पजामा पहने हुआ है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थानाध्यक्ष
थानाः प्रेम नगर
फोनः 9315164042

DP/7942/RD/2024

अमेरिका में भीषण गर्मी से पिघली पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मूर्ति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में इन दिनों गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गर्मी के बीच वाशिंगटन डीसी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की छह फीट ऊंची मोम की प्रतिमा पिघल गई है। पिघल जाने की वजह से लिंकन की प्रतिमा का आकार पूरी तरह से बिगड़ गया है।

अमेरिका के इलाकों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से वॉशिंगटन डीसी में पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का मोम का स्टैच्यू पिघल गया है।

38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

वॉशिंगटन डीसी में शनिवार को तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस मूर्ति को अमेरिकी कलाकार सैंडी विलियम्स ने बनाया था। इस मूर्ति को इसी साल फरवरी में नॉर्थवेस्ट वाशिंगटन के स्कूल परिसर के बाहर स्थापित किया गया था। गर्मी में प्रतिमा पिघल जाने के बाद हमारे कर्मचारियों ने लिंकन के सिर को गिरने और टूटने से बचाने के लिए खुद से हटा दिया है।

पाक में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में शनिवार से ही भीषण गर्मी पड़ रही है और बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

स्कूल के बाहर लगाई गई थी प्रतिमा

वॉशिंगटन डीसी के एक प्राइमरी स्कूल के बाहर अब्राहम लिंकन की मोम की मूर्ति लगाई गई थी। गर्मी की वजह से लिंकन की मूर्ति का सिर पिघल गया और धड़ से अलग हो गया। अब्राहम लिंकन की पिघल हुई मूर्तियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

पाक में भीषण गर्मी से मचा हाहाकार

कराची। पाकिस्तान में हीटवेव के कारण हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हो गई है। ईधी फाउंडेशन ने कहा कि बुधवार को छोड़कर पिछले चार दिनों में उसे 427 शव मिले हैं।

शव रखने के लिए जगह नहीं बची

फाउंडेशन के प्रमुख फैसल एधी ने कहा, कराची में हमारे चार शवगृह संचालित हैं और हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हमारे शवगृहों में और शव रखने के लिए जगह नहीं बची है'।

कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी हथियार है जैवलिन

भारत खरीदेगा रूस के छक्के छुड़ाने वाली अमेरिकी मिसाइल

एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में सबसे ज्यादा जिस हथियार का इस्तेमाल किया है, जो है एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल, जिसने रूसी सेना के छक्के छुड़ाकर रख दिए हैं। कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी इस हथियार के भारत में बनने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ है। अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कामयाब होती है, तो हो सकता है, कि एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल का निर्माण भारत में हो। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हाल ही में भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने एफजीएम-18 जैवलिन हथियार के संयुक्त उत्पादन के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की है, जिसमें भारतीय सेना के लिए जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम शामिल है।

टैंक और चलते वाहन को भेद सकती

अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन और अमेरिकी हथियार कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एफजीएम-18 जैवलिन का निर्माण किया है और 46 पाउंड का यह हथियार कंधे से दागा जा सकता है। इस हथियार की सबसे बड़ी खासियत ये है, कि ये युद्ध के मैदान में किसी भी टैंक या मोबाइल वाहन को भेदने की क्षमता रखता है। यह हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है। भारतीय सेना करीब एक दशक से कंधे से दागे जाने वाले एटीजीएम हथियार की तलाश कर रही है। और यदि बातचीत आगे बढ़ती है, तो भारत में मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए, एक स्थानीय भागीदार की तलाश की जाएगी।

दुश्मन को मार गिराने में सक्षम

जैवलिन अपनी क्षमता का प्रदर्शन युद्ध में कर चुका है। जैवलिन दुश्मन को मार गिराने सक्षम है। अमेरिका ने यूक्रेन को 10,000 से ज्यादा जैवलिन सिस्टम की आपूर्ति की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि इस हथियार ने यूक्रेन की पैदल सेना को, रूस की विनाशक मशीनी हथियारों को मार गिराने की अभूतपूर्व क्षमता दी है। अगस्त 2023 के अंत में, अमेरिकी रक्षा दिग्गज लॉकहीड मार्टिन ने कहा था, कि वह अमेरिकी रक्षा कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन के साथ मिलकर काम करते हुए, 2026 तक मौजूदा जैवलिन उत्पादन दर को 2,100 प्रति वर्ष से लगभग दोगुना करके 4,000 तक करने की योजना बना रहा है।

भारत को है ऐसे हथियार की तलाश

भारतीय सेना अपने पूर्वी और पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों (चीन और पाकिस्तान) से मुकाबला करने के लिए अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जून 2023 में, भारत ने लाइसेंस-निर्मित बीएमपी-2/2के 'सारथ' इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स पर लगाए जाने वाले 5,000 फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइलों और 500 लॉन्चर सिस्टम के अधिग्रहण के लिए एक पत्रक जारी किया। आरएफआई में कहा गया है कि एटीजीएम में शीर्ष और प्रत्यक्ष हमले करने की क्षमता होनी चाहिए। उनकी लंबाई 1.25 मीटर से कम, वजन 25 किलोग्राम और 125 मिमी कैलिबर होना चाहिए।

भारत कतर से 12 सेकंड हैंड मिराज फाइटर जेट खरीदेगा

दोहा। लड़ाकू विमान खरीदने को लेकर ये चर्चा शुक्रवार को दिल्ली में हुई है, जहां भारतीय अधिकारियों को कतर ने मिराज-2000 विमानों की वर्तमान स्थिति और ऑपरेशन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी है।

भारत और कतर के संबंध अच्छे

कतर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में लगभग 11 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। भारत, कतर के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, खास तौर पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।

लड़ाकू विमान अच्छी स्थिति में

जानकारी के अनुसार लड़ाकू विमान बहुत अच्छी स्थिति में हैं, और उनका 80-85 प्रतिशत ऑपरेशनल लाइफ अभी भी बरकरार है। कतर ने कथित तौर पर 12 विमानों के लिए लगभग 6 लाख डॉलर का प्रस्ताव दिया है, भारत अभी कीमत कम करवाने के लिए बातचीत करना चाह रहा है।

जम्मू कश्मीरः डोडा में सुरक्षाबलों से मुठभेड़

जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकवादी मारे गए

एजेंसी ▶▶ भद्रवाह/जम्मू

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में बुधवार को छह घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पर्वतीय जिले में 11 और 12 जून को हुए दोहरे आतंकवादी हमले के बाद पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर गंडोह क्षेत्र के बजाद गांव में गोलीबारी शुरू हुई जिसमें एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। चत्तरगल्ला में एक संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून को आतंकियों के हमले में 6 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन गंडोह क्षेत्र के कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था।

सैम फिर से संभालेंगे ओवरसीज कांग्रेस की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सैम पित्रोदा फिर से ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष बना दिये गए। कांग्रेस महासचिव संगठन, केसी वेणुगोपाल ने उनके पुनर्नियुक्ति की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा को फिर इस इस पद पर बहाल करने पर मुहर लगाया। लोकसभा चुनाव के वक़्त एक बाद एक उनकी विवादित टिप्पणियों से सियासी माहौल कांग्रेस के लिए खराब हो रहा था, जिसकी वजह से उनके कई वक्तव्यों से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने किनारा कर लिया था। जिसमें अमेरिका में किसी अमीर के मरने के बाद टैक्स स्वरूप उनकी संपत्ति के 55 फीसदी हिस्से को अमेरिकी सरकार द्वारा अधिगृहित किए जाने को चुनाव के पीक समय में सही ठहराने पर खासा विवाद हुआ था। पीएम मोदी सहित भाजपा के कई नेताओं मे चुनाव प्रचार में सैम के इस बयान को कांग्रेस के खिलाफ सियासी औजार के रूप में जमकर इस्तेमाल भी किया था। बाद में सैम ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। अब चुनाव के बाद उन्हें उसी पद पर फिर से बहालबहाल कर दिया गया।

इजराइल द्वारा लिया गया संकल्प गाजा के लिए बना मुसीबत का कारण

इजराइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का होगा खात्मा

इजराइल उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा

एजेंसी ▶▶ जेरूसलम

हमास और इजराइल खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इजराइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा।

◆ हमास ने इजराइली शहरों में 5 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे

इजराइली सेना हमास के सदस्यों को खत्म करेगी

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने बताया रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इजराइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इजरायली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।

अब यह नई योजना

हानेग्बी ने कहा कि हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं।

आठ माह से जारी है जंग

हमास ने सात अक्टूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में कम से कम 549 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। इजराइल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के हमलों में 14 इजराइली मारे गए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109